दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 208 जयपुर, शनिवार, 08 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री गहलोत ने किया पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** महात्मा गांधी द्वारा दिए गए विश्व शांति एवं अहिंसा के दर्शन की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में 8 अगस्त से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सीएम आवास पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। गहलोत ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आमजन का गांधीवादी दर्शन से जुड़ाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर ही मानव मात्र का कल्याण संभव है।

### चार आरएएस अधिकारियों के किए तबादले

**जयपुर।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर 4 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इन 4 आरएएस अधिकारियों में आरएएस भंवरलाल मेहरडा को रजिस्ट्रार राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर का दायित्व सौंपा गया है। वहीं गुंजन सोनी को अतिरिक्त आयुक्त विभागीय जांच, सुमन पंवार को अतिरिक्त आयुक्त विभागीय जांच और मीनाक्षी मीणा को उपनिदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड जयपुर लगाया है। इस आदेश में चेतन चौहान को एपीओ किया गया है। आगामी आदेश तक यह अधिकारी अपनी उपस्थिति कार्मिक विभाग में देंगे।

### स्वाधीनता दिवस की तैयारियों की समीक्षा



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समारोह में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत रूप से राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग प्राथमिकता से अपने दायित्वों को पूरा करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय प्रतिनिधियों से समारोह के बेहतरीन आयोजन के लिए सुझाव भी लिए।

---

**कांग्रेस में रार: प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा- मुख्यमंत्री पद के लिए मेरा चेहरा क्या बुरा है?**

# दिल्ली में बैठक के बाद CM फेस पर नेताओं ने की बयानबाजी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में बैठक की। गत सप्ताह गुरुवार को हुई इस बैठक में राजस्थान के संदर्भ में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

हालांकि आलाकमान साफ कर चुका है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश का विधानसभा का चुनाव लड़ेगी और बयानबाजी नहीं करने को लेकर भी सख्त संदेश दे चुका है, लेकिन फिर भी प्रदेश कांग्रेस नेताओं और मंत्रियों की बयानबाजी आलाकमान की सख्त हिदायत के बाद भी जारी है। कांग्रेस में अब सीएम के फेस पर रार शुरू हो गई है। इसको लेकर शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने बयानबाजी की।

सरकार के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस में कितने चेहरे तो हैं, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविन्द डोटासरा और मेरा चेहरा क्या बुरा लग रहा है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस में चेहरा एक ही है, वह है राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे। उन्होंने कहा कि हमारे चेहरे तो पीछे कार्यकर्ता बनकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तो हैं ही, आज वह अच्छा काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के पैर में चोट लगी है, ऐसे में वो बैठकर घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं और जनता को इसका फायदा मिल रहा है।



### विधायक मिलकर सीएम चुनेंगे



मंत्री गोविंद मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में सीएम का चेहरा घोषित नहीं करेगी। नतीजों के बाद ही सभी विधायक मिलकर सीएम का फेस चुनेंगे। हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस में अब कहीं कोई गुटबाजी नहीं है। सब एक साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस के मुकाबले भाजपा ठहर नहीं पाएगी।

### खाचरियावास को बताया था सीएम फेस

वहीं कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने गत दिनों प्रताप सिंह खाचरियावास को सीएम फेस की संभावना वाला नेता बताया था। भरत सिंह ने कहा था कि युवाओं में सचिन पायलट ही चेहरा नहीं है और भी नेता हैं, उन्हें भी आगे बढ़ाना चाहिए। प्रतापसिंह खाचरियावास हैं, उनमें क्षमता है और संभावना है।

### सतीश पूनियां ने कांग्रेस पर कसा तंज



वहीं भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने ट्वीट किया है कि मेरा कथन भले ही राजनीतिक आरोप जैसा लगे, लेकिन सत्य यह है कि राजस्थान में कांग्रेस की आपसी लड़ाई केवल घर का झगड़ा नहीं रह गया है, अपितु उसकी आंच में राजस्थान की अवाम भी झुलस रही है। कुर्सी के खेल में कानून व्यवस्था बदतर है, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी नई ऊंचाई पर है। किसान बदहाल, नौजवान परेशान, महिलाएं हैरान और शोषित, जनता मूल सुविधाओं से वंचित हो रही है। कांग्रेस वाले हर तीसरे दिन समाधान ढूंढने की कोशिश करते हैं लेकिन वहां भी अदालत की तरह तारीख पे तारीख पड़ती जा रही है। समितियां बन रही हैं, बैठकों का दौर जारी है, बाड़ाबंदी से लेकर इस्तीफों का दौर भी निकल चुका है। अब 5वें साल में ताजा खबर यह बताई जा रही है कि सारे फैसले आलाकमान पर छोड़ दिए हैं।

---

**राहुल के समर्थन में सड़कों पर कांग्रेस, सीएम का भाजपा पर वार**

# भारत जोड़ो यात्रा से डरकर आज भी पैंतरेबाजी अपना रही भाजपा

- गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के बाद काली पट्टी बांध पैदल मार्च
- जयपुर से दिल्ली तक जताया विरोध, भाजपा के विरोध में नारेबाजी

**बेधड़क | जयपुर**

"मोदी सरनेम' मामले में राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और सेशन कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। इसके बाद कांग्रेस ने नाराजगी जताई और जयपुर से लेकर दिल्ली तक अपना विरोध जताया। जैसे ही फैसला राहुल गांधी के खिलाफ आया, कांग्रेस का जयपुर में भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। जयपुर के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कांग्रेस नेताओं ने पैदल मार्च निकाला।

सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता इस पैदल मार्च में शामिल हुए। सीएम गहलोत ने फैसले के बाद ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। एक वर्ष पहले देश में शांति, सद्भावना स्थापित करने और महंगाई-बेरोजगारी कम करने के उद्देश्य से राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा से डरकर जो पैंतरे भाजपा ने अपनाए हैं, वो आज भी जारी हैं। भाजपा भूले नहीं कि राहुल सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं और जीत सत्य की ही होती है।



### भाजपा पर षड्यंत्र का आरोप

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर कांग्रेस नेताओं, विधायकों, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने भाजपा के द्वारा कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ लंबे समय से किए जा रहे षड्यंत्र का आरोप लगाकर राहुल गांधी के समर्थन में काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च निकाला। इसमें कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, जलदाय मंत्री महेश जोशी, मंत्री गोविंद मेघवाल तक शामिल हुए। पीसीसी प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी कार्यकर्तागण पीसीसी मुख्यालय जयपुर पर एकत्रित हुए और हाईकोर्ट में दायर गांधी की याचिका पर फैसले का इंतजार कर रहे थे। याचिका खारिज होने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को समर्थन देने की घोषणा की। सभी कांग्रेसियों ने एकमत होकर पैदल मार्च निकाला और भाजपा का विरोध किया। चतुर्वेदी ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा नई दिल्ली में एआईसीसी की ओर से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए।

### पूर्णेश मोदी ने दायर की थी याचिका

लोकसभा चुनाव 2019 से पूर्व 13 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'मोदी सरनेम' पर बयान दिया था। गुजरात में भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी की दायर याचिका पर कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को आईपीसी की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी।

### अपील दायर करेंगे, भाजपा को घेरेंगे: महेश जोशी

पैदल मार्च के दौरान जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि मामले में आलाकमान के फैसले के बाद कोर्ट में आगे अपील दायर करेंगे। साथ ही भाजपा के अलोकतांत्रिक कृत्यों के खिलाफ लगातार घेराबंदी करेंगे। जनता के सामने जिस तरह भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, उसके खिलाफ कांग्रेस का कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में खड़ा रहेगा। कांग्रेस भाजपा के षड्यंत्रों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी, जिसका दमन केंद्र की भाजपा नहीं कर सकती हैं। असहमति और विरोध जताना हमारा अधिकार हैं। कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है।

---

**धर्मेन्द्र राठौड़ ने की समझाइश**

# सीएम गहलोत ने ज्यूस पिलाकर छाबड़ा का समाप्त कराया अनशन



**बेधड़क | जयपुर**

सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले लम्बे समय से अनशन पर बैठी पूजा छाबड़ा ने शुक्रवार को सीएम के आश्वासन पर अनशन समाप्त कर दिया। एसएमएस अस्पताल से छाबड़ा एम्बुलेंस से सीएमआर पहुंची, जहां उन्होंने सीएम गहलोत से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

सीएम ने इस मुलाकात के दौरान छाबड़ा को ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद छाबड़ा ने कहा कि सीएम के सकारात्मक आश्वासन के बाद वह अनशन समाप्ति की घोषणा करती हैं। उन्हें अगले विधानसभा सत्र में सूरतगढ़ को जिला बनाने को लेकर आश्वासन दिया गया है। इसके साथ ही शराबबंदी को लेकर पूर्वती समझौते की पालना का भी आश्वासन मिला, जिसके चलते उन्होंने अनशन समाप्त किया है।

गौरतलब है कि राजस्थान के सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर छाबड़ा 53 दिन से अनशन कर रही थीं। सीएमआर में सीएम गहलोत से मुलाकात से पहले आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने पूजा छाबड़ा से एसएमएस अस्पताल पहुंचकर कुक्षलक्षेम पूछी।

उसके बाद पूजा छाबड़ा को सीएमआर के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए रवाना किया गया।

---

**खनिज खनन के साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर**

# जीरो लॉस माइनिंग तकनीक अपनाएं खानधारक: गुप्ता

**बेधड़क | जयपुर**

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस वीनू गुप्ता ने शुक्रवार को राजसमन्द, देलवाड़ा के राबचा व ओड़न गांवों के आसपास की धनलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी, महालक्ष्मी सोपस्टोन व डोलोमाइट माइंस, खेतान बिजनस सेंटर सहित क्षेत्र के माइनिंग क्षेत्रों का दौरा किया।

गुप्ता ने प्रदेश के खानधारकों से खान सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के साथ ही जीरो लॉस माइनिंग तकनीक अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने खनिज खनन के साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबका दायित्व है और इसके लिए माइनिंग क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाना चाहिए। इस अवसर पर गुप्ता ने निदेशक माइंस संदेश नायक और अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर सहित अधिकारियों के साथ खनन क्षेत्र में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया।



उन्होंने कहा कि हमें माइनिंग की नई तकनीक अपनानी होगी, जिससे बहुमूल्य खनिजों का सही तरीके से दोहन हो सके और खनन से हानि को न्यूनतम स्तर पर रखा जा सके। उन्होंने सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए।

---

**जल शक्ति मंत्री बोले- तेजी से हो रहा रेल नेटवर्क का विस्तार**

# दिसंबर से जोधपुर में डीजल इंजन होंगे बंद इलेक्ट्रिक से ट्रेनों का संचालन : शेखावत

**बेधड़क | जयपुर/ जोधपुर**

जोधपुर से अहमदाबाद के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर हुए भव्य समारोह में वे वर्चुअली जुड़े। इस मौके पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश में रेलवे का कायाकल्प हो रहा है।

प्रतिदिन पांच किलोमीटर नई रेल लाइनें देश में बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर रूट पर सभी लाइन इलेक्ट्रिक हो रही हैं।



दिसंबर 2023 तक जोधपुर में डीजल इंजन बंद हो जाएंगे। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि जोधपुर रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों को भव्य रूप प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 474 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले माह यहां आकर इसकी शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि जैसलमेर से जयपुर के बीच रेलवे लाइन के दोहरीकरण और इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से चल रहा है। ये कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा जोधपुर में नए एयरपोर्ट का काम भी तेजी से चल रहा है। शेखावत ने कहा कि जोधपुर शहर के महामंदिर रेलवे स्टेशन, फलोदी और रामदेवरा स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। रेलवे के अन्य छोटे स्टेशनों की दशा भी सुधारी जा रही है।

---

**मुख्यमंत्री गहलोत ने विकास कार्यों के लिए दी वित्तीय स्वीकृतियां**

# 547.58 करोड़ से 490 सड़कों की होगी कायापलट

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 490 सड़कों के विकास कार्यों के लिए शुक्रवार को 547.58 करोड़ के प्रशासनिक और वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के तहत प्रदेश के अजमेर, बाड़मेर, जयपुर, बांसवाड़ा, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, भरतपुर, झुंझुनूं, नागौर, बारां, जोधपुर, जालौर, दौसा, श्रीगंगानगर, धौलपुर, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं जैसलमेर जिलों में ग्रामीण सड़कों, ग्रेवल अप्रोच रोड व अन्य जिला सड़कों औरशहरी सड़कों के 238 निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। इन कार्यों के लिए 264.19 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। वहीं निम्बाहेड़ा से मंगलवाड़ 2 लेन हाईवे को 4 लेन करने के लिए 200.39 करोड़ और भरतपुर जिले में वैर-भुसावर सड़क से भुसावर-बल्लभगढ़ सड़क तक भुसावर बाईपास की 3.75 किमी. की अतिरिक्त लम्बाई के लिए 27 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा प्रदेश के 8 नगर निकायों में मुख्य सड़कों के मेजर रिपेयर के 250 विभिन्न कार्यों के लिए 56 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने के लिए किसानों को अनुदान, किट एवं प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के लिए 25.67 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।



### थानों में अब होंगे आईटी प्रशिक्षित कांस्टेबल

सीएम ने विभिन्न जिलों में नए उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय व थाने खोलने और इनके संचालन के लिए 249 पदों के सृजन को मंजूरी दी है। वहीं 918 पुलिस थानों में आईटी प्रशिक्षित कांस्टेबल के पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। प्रदेश के रूपावास (बयाना, भरतपुर), फागी (दूदू), नांगल राजावतान (दौसा), शिवगंज (सिरोही) व चित्तौडगढ़ ग्रामीण में नए उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा अलवर के बहरोड़ में सदर पुलिस थाना खोला जाएगा। इसके अतिरिक्त साकेतनगर (अजमेर), कोटड़ी (प्रतापगढ़), विजय मंदिर (अलवर), जालूकी (भरतपुर), सुदरासन (नागौर), बालाहेड़ी (दौसा) व बड़गांव (उदयपुर) पुलिस चौकियों को थानों में क्रमोन्नत किया जाएगा।

### ये अराजपत्रित पद अब होंगे राजपत्रित

सहायक अभियोजक अधिकारी, पर्यवेक्षक बीमा, आयुष नर्सिंग अधीक्षक ग्रेड-I और तकनीकी शिक्षा विभाग के सहायक रजिस्ट्रार के पदों को राजपत्रित पद घोषित करने के प्रस्ताव को सीएम ने मंजूरी दी है। इस मंजूरी के बाद इन विभागों में कार्यरत कार्मिकों के पद पर विसंगतियां दूर होंगी।

### अनुसूचित जाति भागीदारी योजना

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 'अनुसूचित जाति भागीदारी योजना' को स्वीकृति दी है। इस योजना के अन्तर्गत 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले गांवों और बस्तियों में आधारभूत संरचना संबंधी विकास और विस्तार कार्य किए जा सकेंगे। योजना से मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण होगा।

---

# मुख्तार अंसारी को बचाने में जुटे प्रभारी रंधावा: आप

**बेधड़क | जयपुर**

आम आदमी पार्टी ने राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पर माफिया मुख्तार अंसारी को रोपड़ जेल में सरकारी सहूलियतें देने का आरोप लगाया।

पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश सचिव आशीष गौतम ने आरोप लगाया कि पंजाब के जेल मंत्री रहते रंधावा ने मुख्तार अंसारी का केस लड़ने वाले वकील को भी सरकारी खर्चे पर हायर किया। जबकि पंजाब की कैप्टन सरकार ने उसके दो बेटों के नाम पर वक्फ बोर्ड की जमीनें भी करवाईं जो शर्म की बात है। गौतम ने कहा कि पिछले दिनों पंजाब सरकार ने देश के सामने राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा पर एक बड़ा खुलासा किया था। जिसमें कहा गया था कि यूपी के माफिया मुख्तार अंसारी को जब यूपी की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सजा सुनाई जानी थी, तो उसी दौरान पंजाब की तत्कालीन कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ एक फर्जी एफआईआर करवाकर उसे कस्टडी में ले लिया था।

आशीष गौतम ने कहा कि जिसको लेकर यूपी सरकार ने 25 बार पंजाब सरकार से मुख्तार की कस्टडी मांगी तो भी पंजाब सरकार तरह-तरह के बहाने बनाती रही।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 208 | जयपुर, शनिवार, 08 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**जरूरी खबर**

### गैर RAS से IAS के पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने गैर आरएएस से आईएएस पद पर प्रमोशन प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने शुक्रवार को यह आदेश राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद की याचिका पर दिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा है कि वह राज्य सरकार की ओर से पदोन्नति के लिए भेजे अफसरों के नामों पर आगे कार्रवाई नहीं करें। वहीं स्क्रीनिंग कमेटी से गैर आरएएस अधिकारियों के चयन का ब्योरा मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को तय की है।

### धोनी के 42वें जन्मदिन पर खेल जगत ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे भारतीय दिग्गजों सहित दुनिया भर के प्रमुख क्रिकेटरों, प्रशंसकों और अन्य लोगों ने भारत के पूर्व कप्तान और करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को उनके 42वें जन्मदिन पर शुक्रवार को बधाई दी। तेंदुलकर ने धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'आप हमेशा अपने हेलिकॉप्टर शॉट्स की तरह ऊंची उड़ान भरें। जन्मदिन की शुभकामनाएं, एमएस।'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**सरकारी योजनाओं के प्रचार का लाजवाब तरीका:** जनता का... जनता द्वारा... जनता के लिए

# तमाम योजनाओं से वंचित परिवारों को जोड़ना उद्देश्य: सीएम

- आम लोगों को योजनाओं का वीडियो बनाकर करना होगा पोस्ट
- हर दिन एक लाख रुपए तक का दिया जाएगा पुरस्कार

### दैनिक 'जन सम्मान वीडियो प्रतियोगिता' का किया आगाज




**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को राज्य के लोगों के लिए अपनी सरकार की हर रोज एक लाख रुपए तक का पुरस्कार जीतने की योजना के बारे में वीडियो बनाने की 'जन सम्मान वीडियो प्रतियोगिता' शुरू की। प्रतियोगिता में लोगों को 30 से 120 सेकंड का वीडियो बना कर दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना होगा और फिर इसका लिंक जनसम्मान की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। महंगाई राहत शिविरों के तहत 10 प्रमुख योजनाओं के अलावा सरकार की किसी भी योजना पर एक से अधिक वीडियो भी बनाए जा सकते हैं।

#### ताकि आम आदमी योजनाओं से जुड़े

इस योजना को लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने एक वीडियो संदेश में कहा कि महंगाई राहत शिविरों में लगभग करोड़ 80 लाख परिवारों ने पंजीकरण कराया और मैंने लगभग 10,000 किलोमीटर की यात्रा की। मैंने लोगों में उत्साह देखा है और इसलिए यह प्रतियोगिता शुरू की गई है, ताकि आम आदमी जुड़ सके। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का एकमात्र उद्देश्य 1 करोड 80 लाख परिवारों के अलावा शेष 15 लाख परिवारों को भी जोड़ना है।

#### 50 हजार व 25 हजार सहित कई प्राइज

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता महत्व रखती है। गहलोत के मुताबिक इस कॉन्टेस्ट का उद्देश्य राजस्थान सरकार द्वारा दी जा रही टॉप स्कीमों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता में प्रतिदिन एक लाख, पचास और पच्चीस हजार रुपए के पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। साथ ही, प्रतियोगिता चलने तक प्रतिदिन 1,000 और 100 रुपए के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**भाजपा ने जताई आपत्ति:** इस पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट योजना पर आपत्ति जताते हुए कहा कि गहलोत सरकार कोई प्रोडक्ट बेचने वाली कंपनी है या जनता द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकार।

**प्रदेश को मिला दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का तोहफा**

# पीएम मोदी ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती)-जोधपुर वंदे भारत ट्रेन शुरू**

**आज मोदी बीकानेर में करेंगे सभा और योजनाओं का शिलान्यास**



@ जोधपुर   @ गोरखपुर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गोरखपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत की स्पेशल रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्चुअल माध्यम से समारोह में जुड़े। जोधपुर में हुए समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

■ पेज 2 भी देखें

### जाफर शरीफ के कारण बिछा रेलवे ट्रैक का जाल: गहलोत

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे सुखद स्मरण हो रहा है कि 1980 में सांसद बनने पर मैंने पहला कार्यक्रम सुबह 6 बजे जोधपुरवासियों की उपस्थिति में मरुधर एक्सप्रेस शुरू करने का किया था। तब मीटरगेज रेलवे लाइन थी।

मरुधर एक्सप्रेस चलने पर जोधपुर के लोगों में बहुत उत्साह था, क्योंकि उससे पहले सिर्फ दिल्ली-जोधपुर मेल और जोधपुर-आगरा फोर्ट यात्री गाड़ियां ही चला करती थीं और जोधपुर के यात्रियों को दिल्ली या अहमदाबाद पहुंचकर आगे की यात्रा के लिए ट्रेन बदलने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गहलोत ने कहा कि सांसद बनने के बाद मैंने रेल मंत्रियों से लगातार संपर्क रखकर नई रेलगाड़ियां चलवाने के साथ-साथ मीटरगेज को ब्रॉडगेज में बदलवाने का ऐतिहासिक कार्य संपन्न करवाया, जिससे जोधपुर ब्रॉडगेज के माध्यम से देश के विभिन्न स्थानों से जुड़ सका। मुझे प्रसन्नता है कि आज जोधपुर से वंदे भारत ट्रेन का चलना भी ब्रॉडगेज रेलवे लाइन के कारण ही संभव हो सका है। यह हमारे लिए खुशी की बात है।

1980 में तत्कालीन रेल मंत्री सीके जाफर शरीफ ने मरुधर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी और उन्होंने ही यूनीगेज पॉलिसी बनाकर लागू की, जिसके कारण देशभर में ब्रॉडगेज रेलवे ट्रैक का जाल बिछा।

### प्रधानमंत्री आज आएंगे बीकानेर

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के शनिवार के बीकानेर दौरे को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने समीक्षा बैठक कर आयोजन स्थल का जायजा लिया। मेघवाल ने कहा कि कार्यक्रम में मोदी 2,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वहीं, इस दौरान जनसभा को संबोधित करेंगे। पूनियां ने बताया कि पीएम मोदी के दौरे में जनता को सभा में 'प्राकृतिक खेती' को लेकर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही साइकिल रैली का भी कल आयोजन होगा। पीएम मोदी खुद साइकिल रैली के बराबर चलेंगे।

**मिनट-टू-मिनट**

- दोपहर 3:30 बजे पीएम का विमान से नाल एयरपोर्ट पहुंच भाजपा नेताओं से चर्चा करेंगे।
- शाम 4 बजे नौरंगदेसर के पास ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पर विभिन्न प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।
- शाम 5 बजे मोदी जनसभा स्थल पहुंचेंगे। यहां उनका 40 मिनट का संबोधन होगा।
- इसके बाद मोदी वापस हेलिकॉप्टर से एयरपोर्ट पहुंच 6:25 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**मानहानि मामला** राहुल की याचिका खारिज...

# गुजरात हाई कोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने से किया इंकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गुजरात हाई कोर्ट ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हेमंत प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि दोषसिद्धि पर रोक लगाने का कोई तर्कसंगत कारण नहीं है। इधर, इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।



#### लोकतंत्र के लिए लड़ता रहूंगा: राहुल

अदालत का फैसला आने के बाद राहुल गांधी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। राहुल गांधी ने कहा कि वह हिंदुस्तान के लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं और इसके लिए आगे भी लड़ते रहेंगे। अयोग्य होने की क्या बात है, मुझे पूरे जीवन के लिए अयोग्य करार दे दिया जाए, चाहे मुझे जेल में डाल दिया जाए, मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा।

#### राहुल ने की थी यह टिप्पणी

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 13 अप्रैल, 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का समान उपनाम मोदी ही क्यों होता है? इसको लेकर भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने केस किया था। मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को आईपीसी की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद राहुल को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### अवनि ने जीता गोल्ड मेडल



**जयपुर।** भारतीय शूटर अवनि लेखरा ने ओसिजेक-2023 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में जीत हासिल की है। ओसिजेक में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप महिलाओं की प्रतिस्पर्धा में 10 मीटर एयर राइफल (आर-2) में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। अवनि ने ट्वीट किया, "अब अगली प्रतिस्पर्धा की प्रतीक्षा कर रही हूं, और बेहतर प्रदर्शन को बनाए रखने का प्रयास करूंगी।"

**बालासोर रेल हादसा**

### सीबीआई ने अरेस्ट किए तीन रेलवे कर्मचारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली



ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे में सीबीआई ने शुक्रवार को रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इन तीनों के नाम सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार महंत, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्निशियन पप्पू कुमार हैं। महांतो, खान और पप्पू को आईपीसी की धारा धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 201 (सबूत नष्ट करने) के तहत अरेस्ट किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि तीनों कर्मी बालासोर जिले में तैनात हैं। रेलवे ने भीषण ट्रेन हादसे के बाद जांच के लिए कमेटी गठित की थी। साथ ही, पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इस कमेटी ने पाया है कि हादसे की मुख्य वजह 'गलत सिग्नलिंग' थी। यदि दुर्घटना स्थल बाहानगा बाजार के स्टेशन प्रबंधक ने एस एंड टी कर्मचारियों को दो समानांतर पटरियों को जोड़ने वाले स्विचों के 'बार-बार असामान्य व्यवहार' की सूचना दी होती, वे उपचारात्मक कदम उठा सकते थे।

**राजस्थान के नेताओं को अहमियत**

# भाजपा ने प्रदेश के चार नेताओं पर भरोसा जता सौंपा चुनाव का जिम्मा

- राजस्थान में दो जोशी मिलकर संभालेंगे चुनावी कमान
- विश्नोई को उपप्रभारी बना कर पार्टी ने खेला बड़ा दांव
- बदले 6 मोर्चा अध्यक्ष, तारा भंडारी की बेटी को महिला मोर्चा की कमान






**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा ने चार राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। राजस्थान की जिम्मेदारी प्रहलाद वेंकटेश जोशी को सौंपी है। इसके अलावा ओमप्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश और प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना का प्रभार दिया गया है। इस ऐलान से साफ है कि पार्टी ने राजस्थान के नेताओं में अधिक भरोसा जताया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को राजस्थान विधानसभा चुनाव का जिम्मा सौंपा है। उनके साथ कुलदीप विश्नोई और नितिन पटेल को चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है। जोशी कर्नाटक की धारवाड़ संसदीय क्षेत्र से चार बार से सांसद है, जो राजस्थानी प्रवासी बहुल माना जाता है।

#### मोदी-शाह के खास माने जाते हैं जोशी

संघनिष्ठ जोशी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के खास माने जाते हैं। जोशी का राजस्थान कनेक्शन प्रभारी बनाए जाने की मुख्य वजह बताई जा रही है। जोशी संगठनात्मक कार्य में माहिर माने जाते हैं। प्रवासी राजस्थानियों के कारण इनका जालोर, पाली और जोधपुर में अच्छा संपर्क माना जाता है। जोशी कर्नाटक के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे हैं। हुबली में 1992 में ईदगाह पर तिरंगा लहरा कर चर्चाओं में आए थे।

#### यादव को मध्यप्रदेश का प्रभार, सुनील बंसल तेलंगाना में सह प्रभारी

भाजपा ने मध्यप्रदेश में भूपेंद्र यादव के प्रभार में सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव को बनाया गया है। इसके साथ ही तेलंगाना की जिम्मेदारी प्रकाश जावेड़कर को दी गई है। उनके साथ राजस्थान के सुनील बंसल को सह-प्रभारी लगाया है। बंसल भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री है और पार्टी में हार्ड टॉस्क को पूरा करने के महारथी माने जाते हैं।

#### भजनलाल के बेटे की एंट्री

राजस्थान में सबसे चौंकाने वाला फैसला कुलदीप विश्नोई को सह प्रभारी बनाने का है। इसके पीछे विश्नोई वोटों का गणित माना जा रहा है। विश्नोई हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के बेटे हैं। विश्नोई समाज 7 लोकसभा क्षेत्रों की करीब दो दर्जन विधानसभा सीटों पर प्रभाव रखता है। अभी पांच विश्नोई विधायक हैं। प्रदेश में सह-प्रभारी के तौर पर भाजपा ने गुजरात के कद्दावर नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल को जिम्मा सौंपा है।

#### बदले आधा दर्जन मोर्चा अध्यक्ष

प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार रात में ही 6 मोर्चा अध्यक्ष भी बदल दिए। भाजपा ने महिला मोर्चा अध्यक्ष सिरोही की पूर्व विधायक तारा भंडारी की पुत्री रक्षा भंडारी को नियुक्ति किया है। युवा मोर्चा में अंकित गुर्जर चेची, किसान मोर्चा में सांसद भागीरथ चौधरी, ओबीसी मोर्चा में चंपालाल प्रजापत, एसटी मोर्चा में नारायण मीणा और अल्पसंख्यक मोर्चा में अध्यक्ष पद पर हमीदखान मेवाती को नियुक्ति किया है। एससी मोर्चा पद पर कैलाश मेघवाल को यथावत रखा गया है।

## जरूरी खबर

### नगर परिषद ने बाजारों से हटाया अतिक्रमण



**अलवर**। अलवर नगर परिषद ने पानी भराव वाले बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार रात को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शहर के होप सर्कस, घंटाघर, सब्जी मंडी, सहित आसपास के क्षेत्रों में की गई। इस दौरान करीब 70 से अधिक दुकानों के सामने से पक्का निर्माण हटाया गया। नगर परिषद आयुक्त मनीष फौजदार ने बताया कि इससे पहले भी यहा अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन लोगों ने दोबारा अतिक्रमण कर लिया था। ऐसे में नगर परिषद की टीम ने ये कार्रवाई की। जिन बाजारों में पानी भरता है, वहां ब्लैक पॉइंट्स तय किए गए हैं, वहीं से अतिक्रमण हटाए गए हैं।

### महिला के ऊपर गिरीं बाथरूम की पट्टियां, मौत

**भरतपुर**। जिले के नदबई थाना अंतर्गत बैलारा गांव में बाथरूम में बर्तन साफ करते समय छत की पट्टियां अचानक एक महिला के ऊपर गिर गईं। मलबे में दबने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंशु देवी अपने घर पर बाथरूम के बाहर बर्तन साफ कर रही थी, तभी अचानक पट्टियां गिर गईं। हादसे को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पट्टियां हटाकर महिला को निकाला और नदबई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नदबई थाना पुलिस ने मृतका का नदबई सीएचसी पर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया।

### बाइक सवार दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार



**झालावाड़**। जिले की भवानीमंडी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 45 लाख रुपए बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि इस मामले में प्रहलाद सिंह पुत्र रामसिंह व सुरेश कुमार पुत्र ऊंकार लाल निवासी मोगरा थाना भवानीमंडी को गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में प्रयुक्त की गई बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## लोकसभा अध्यक्ष मंगोलिया दौरे पर, राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और स्पीकर से की मुलाकात

# मंगोलिया के आर्थिक विकास में भारत विश्वसनीय सहयोगी

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगोलिया की यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान बिरला ने शुक्रवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति उख्नागीन हुरेलसुख, प्रधानमंत्री ओयुन ऐर्दन लुव-सन्म-सरेन और स्पीकर जी. जंडनशतर से भेंट कर मंगोलिया के साथ रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

राष्ट्रपति उख्नागीन हुरेलसुख के साथ मुलाकात के बीच बिरला ने कहा कि बौद्ध धर्म की हमारी साझी गौरवशाली विरासत है। वर्ष 2015 में भारत के प्रधान मंत्री



नरेन्द्र मोदी मंगोलिया की यात्रा पर आए थे, जिससे दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ हुए। बिरला ने कहा कि भारत मंगोलिया के आर्थिक विकास में एक विश्वसनीय सहयोगी है। मंगोलिया की ऑयल रिफाइनरी परियोजना विदेशों में भारत द्वारा शुरू की गई सबसे बड़ी परियोजना है, जो दोनों देश के बीच मजबूत साझेदारी का प्रतीक है।

बिरला ने कहा कि दोनों देशों ने बहुपक्षीय मंचों पर हमेशा एक दूसरे का सहयोग किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का मंगोलिया निश्चय ही समर्थन करेगा।

### वसुधैव कुटुंबकम की परम्परा बढ़ा रहे आगे

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मंगोलिया के प्रधान मंत्री ओयुन ऐर्दन लुव-सन्म-सरेन के साथ भी शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बिरला ने कहा कि भले ही भारत और मंगोलिया के बीच भौतिक दूरी है, परंतु आध्यात्मिक धरातल पर दोनों देश वसुधैव कुटुंबकम की महान परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत की संसद मंगोलिया की संसदीय संस्थाओं के विकास, शोध ग्रंथालय के उन्नयन और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए तत्पर है। उन्होंने इस संबंध में भारतीय संसद की प्रशिक्षण संस्था, प्राइड द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का उपयोग किए जाने का प्रस्ताव रखा।

### संसदीय विचार-विमर्श हमारे परस्पर संबंधों का महत्वपूर्ण भाग

बिरला ने मंगोलिया की संसद, स्टेट ग्रेट खुराल के स्पीकर, जी. जंडनशतर के साथ हुई बैठक के दौरान मंगोलिया के राष्ट्रीय नादम उत्सव के लिए भारत की संसद, सरकार और 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दीं। बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के आदान प्रदान की एक लंबी एवं स्वस्थ परंपरा रही है। भारतीय संसद की शोध एवं प्रशिक्षण संस्था, प्राइड, मंगोलिया के सांसदों, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन कर सकती है।

### मंगोलिया की संसद का किया दौरा

बिरला ने मंगोलिया की ग्रेट ह्यूरल (संसद) का दौरा किया और सदन की कार्यवाही देखी। स्पीकर बिरला के पहुंचने पर वहां के सांसदों ने खड़े होकर तथा तालियां बजाकर बिरला का स्वागत किया। इस दौरान बिरला ने लोकतंत्र को जीवंत बनाने और लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए मंगोलिया की संसद की प्रतिबद्धता की सराहना की।

## उदयपुर में राजस्थान और मध्य प्रदेश के राज्यपालों की संयुक्त बैठक

# विभिन्न मुद्दों पर मंथन, चुनावों में सतर्कता बरतने पर दिया जोर

■अपराध रोके जाने के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक करे इस्तेमाल

■दोनों राज्यों के 15 जिला कलेक्टर और एसपी भी बैठक में रहे मौजूद

**बेधड़क** | उदयपुर

झीलों की नगरी उदयपुर में शुक्रवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सीमा विवाद को लेकर उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी पहुंचे। दोनों ही राज्यों के 15 जिला कलेक्टर और एसपी भी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में दोनों राज्यों की सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चर्चा की गई। बैठक उदयपुर संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में राजस्व विवादों के संबंध में सर्वे हो चुका है, इस संबंध में अधिकारी अब इस आधार पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उन्होंने मध्य प्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के अंतर्गत





भारत सरकार तथा राज्य सरकार की विकास योजनाओं, विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं का समान रूप से लाभ दिए जाने का सुझाव भी दिया।

उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के अंतर्गत जातिगत आधार पर कई बार जो विवाद होते हैं, उनको समझाइश से हल किया जाना चाहिए। मिश्र ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए सीमावर्ती जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। मिश्र ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था कैसे पुख्ता हो, इस पर अभी से विचार करें और अपराधियों को पकड़ने, अपराध रोके जाने के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रभावी कार्य करे। इसके साथ ही बैठक में राज्यों की सीमा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

### दोनों राज्यों के अधिकारी विकास से जुड़े मुद्दों पर एकमत होकर करें कार्य: पटेल

बैठक में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों द्वारा विकास से जुड़े मुद्दों पर एकमत होकर कार्य करने की बात कही। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने दोनों राज्यों के अंतर्गत लोगों द्वारा रोजगार के लिए पलायन की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से राज्यों के भीतर ही रोजगार सुरक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए नीति और योजनाओं का निर्माण किए जाने का सुझाव दिया।

### लोक कलाओं को भी दिया जाए संरक्षण

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सीमावर्ती क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं रोकथाम, राजस्व एवं वन भूमि के सीमांकन, कामगार पलायन आदि पर चर्चा की। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत लोक कलाकारों और लोक कलाओं को भी संरक्षण दिए जाने पर कार्य करने की बात कही। मिश्र ने बैठक में कहा कि मध्य प्रदेश के 6 जिलों और राजस्थान के 9 जिलों की सीमाएं एक-दूसरे से लगती हैं। ऐसे में इन जिलों में अपराध और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए कारगर सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के राजस्व सीमाओं के सीमांकन, वन भूमि पर सीमा निर्धारण के मुद्दों के उचित एवं नियमानुकूल समाधान की दिशा में भी कार्य किए जाने पर बल दिया।

## पुलिस और तस्करों के बीच फायरिंग

# एनकाउंटर में एक बदमाश को किया ढेर, एक घायल



**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर में शुक्रवार को पुलिस और तस्करों के बीच फायरिंग हो गई। इस दौरान एनकाउंटर में एक तस्कर की मौत हो गई। वहीं, दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच जोधपुर रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों तस्करों पर इनाम घोषित कर रखा था।

इस कार्रवाई में जोधपुर ग्रामीण पुलिस, डीएसटी और बाड़मेर पुलिस शामिल रही। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर बाड़मेर पुलिस दो इनामी तस्करों को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस दौरान तस्करों ने पुलिस की टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दोनों तस्करों को गोली लग गई। मुठभेड़ में मारा गया तस्कर ओमप्रकाश उर्फ ओमाराम पूर्व में सिवाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान इनके पास डोडा पोस्ट से भरी हुई गाड़ियां भी बरामद हुई थीं। पुलिस जांच में गाड़ी महाराष्ट्र के मुंबई से चोरी होना सामने आया। जिसके बाद मुंबई पुलिस आरोपी को प्रोडक्ट वारंट पर लेकर गई थी। इस दौरान कोर्ट में पेश करने के बाद वापस ले जाने के दौरान आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। जिसके बाद से लगातार पुलिस ओमाराम की तलाश कर रही थी। वही इस कार्रवाई में दूसरा आरोपी कोशला राम बाड़मेर जिले के साथ-साथ राज्य के कई जिलों का वांछित अपराधी है। इसके विरोध एनडीपीएस मारपीट पुलिस पर हमला करने सहित कई मामले दर्ज है। पुलिस ने तस्कर को कोशलाराम पर 50 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था।

## आईएएस सांवर मल वर्मा ने जनता से लिया फीडबैक

# जिला अस्पताल के हालात देख नाराज हुए संभागीय आयुक्त

**बेधड़क** | करौली

भरतपुर संभागीय आयुक्त सांवर मल वर्मा शुक्रवार सुबह करौली के जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने अस्पताल के वार्डों में बाहर की दवाई मिलने, पर्ची व्यवस्था, साफ सफाई, एक बेड पर दो रोगी मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त IAS सांवर मल वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं



का लाभ मरीजों को मिल रहा है या नहीं इसका फीडबैक लिया गया। वहीं सामान्य चिकित्सालय के निरीक्षण में कुछ खामियां मिली हैं। उसको लेकर जिला कलेक्टर और पीएमओ को बताया जाएगा। संभागीय आयुक्त गुलाब बाग स्थित करौली अस्पताल पहुंचे थे, जहां उन्होंने मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, इमरजेंसी का निरीक्षण किया और रोगियों से चर्चा कर बाहर से दवाई मंगाने, हॉस्पिटल से मिलने वाली दवाइयों की व्यवस्था और उपलब्धता की जानकारी ली। वार्डों में अस्पताल से बाहर की दवाई मिलने पर भी आयुक्त ने नाराजगी जताई। इस दौरान पीएमओ डॉ. दिनेश गुप्ता को अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

## पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग का किया खुलासा, चार को दबोचा

# नकली सोने से ठगी करने वाले गिरफ्तार

**बेधड़क** | झुंझुनूं

नकली सोना गिरवी रखकर करीब 40 लाख रुपए की ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने झुंझुनूं जिले में एक ही दिन में चार अलग-अलग जगह नकली सोना गिरवी रखकर ठगी की थी।

झुंझुनूं के मुकुन्दगढ़ से 12 लाख, नवलगढ़ पांच लाख, नवलगढ़ के कारी ग्राम से तीन लाख, गुढ़ा के रघुनाथपुरा में नकली सोना रखकर पांच लाख रुपए की ठगी की थी। इससे पहले आरोपियों ने कोटा में भी 12 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया



था। गैंग के सदस्यों ने राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के सिंगोली में भी नकली सोना रखकर तीन लाख रुपए ठगे थे। पकड़े गए सभी आरोपी अलवर के हैं, जिसमें तीन सगे भाई भी शामिल हैं। आरोपी खुद का बड़े लेवल पर ब्याज का धंधा बताकर ज्वैलर्स की दुकान से नकली सोना गिरवी रखकर रुपए ले जाते थे। पहले दुकानदार को विश्वास में लेते थे। उसके बाद बड़ी रकम उठा कर गायब हो जाते थे। आरोपियों ने 40 लाख रुपए की ठगी करना स्वीकारा है। एसपी श्याम सिंह सुंदर ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है व अन्य वारदात भी खुलने की संभावना है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिर्रराज उर्फ गोविन्द उर्फ मुकेश, दौलत सिंह उर्फ राजू, डाल सिंह पुत्र हजारी लाल, अंतर सिंह उर्फ शिवकुमार पुत्र सुआराम शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने झुंझुनूं के मुकुन्दगढ़ कस्बा स्थित पूजा ज्वैलर्स की दुकान के मालिक के साथ 12 लाख रुपए की ठगी की। दुकान के मालिक रामचरण सोनी ने 11 मई को मुकुन्दगढ़ थाना में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## स्वायत्त शासन मंत्री ने 10.85 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# पर्यटन की दृष्टि से किए कार्यों से बनेगी कोटा की नई पहचान: धारीवाल

**बेधड़क** | कोटा

स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को कोटा में विरासत संरक्षण के तहत किए गए 10.85 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। धारीवाल ने इस दौरान 6.50 करोड़ की लागत से शहर के ऐतिहासिक दरवाजों और परकोटे के कायाकल्प व जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया। उन्होंने लाड़पुरा दरवाजे, पाटनपोल दरवाजे, किशोरपुरा और सूरजपोल दरवाजों का अवलोकन किया, साथ ही बड़ तिराहे पर नए बस स्टॉप एवं हाट बाजार का शुभारम्भ कर लोगों को सौगात दी। सूरजपोल दरवाजे पर आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यटन की दृष्टि से किए गए विकास कार्यों के कारण देशभर में कोटा की नई पहचान बनी है।

उन्होंने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोटा की विरासत को सहेजकर रखने से देशी-विदेशी पर्यटक इन्हे देखने यहां आएंगे। दुनिया में इतने बेहतरीन दरवाजे, उन पर चित्रकारी एवं सुरक्षित परकोटा कम ही देखने को मिलता है। नगर विकास न्यास द्वारा इनमें बारहदरी, छतरी, पिलरों, अन्य पत्थरों के स्ट्रक्चरों पर केमीकल वॉश किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसके सौन्दर्यीकरण में हैरीटेज के मापदंडों का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोटा में देशी-विदेशी पर्यटकों का



आवगमन बढ़ेगा। जिससे इसका लाभ स्थानीय नागरिकों को मिलेगा। इस मौके पर व्यापार संगठनों की ओर से मंत्री शांति कुमार धारीवाल का फलों से तोलकर सम्मान किया गया।

### 4.35 करोड़ की लागत से तैयार हुआ बस स्टॉप

स्वायत्त शासन मंत्री ने बड़ तिराहे के पास नगर विकास न्यास द्वारा 4.35 करोड़ की लागत से विकसित किए गए अत्याधुनिक बस स्टॉप को आमजन को समर्पित किया। जिससे प्राइवेट बसों की पार्किंग और जगह-जगह होने वाले ठहराव से शहर में लगने वाले जाम की समस्या से शहरवासियों को निजात मिलेगी। बस स्टॉप 140 गुणा 35 मीटर चौड़ाई में बनाया गया है। यहां 100 मीटर लम्बाई में यात्रियों के लिए शेड, दो प्याऊ, कैन्टीन तथा बसों के ठहराव के लिए अलग अलग ब्लॉक बनाए गए हैं।

### लोकापर्ण कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर महापौर मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरैशी, अमित धारीवाल, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, गोविंद शर्मा, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, शिवकांत नंदवाना, नगर विकास न्यास ओएसडी आरडी मीणा, सचिव राजेश जोशी, उपसचिव चंदन दुबे, पुलिस उप अधीक्षक आशीष भार्गव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### हेरिटेज लुक में विकसित हुआ हाट

कभी विरान पड़े रहने वाले ग्रामीण हाट को नगर विकास न्यास द्वारा आधुनिकता के साथ हेरिटेज लुक में विकसित किया गया है। मंत्री धारीवाल ने बाजार में विकसित की गई आकर्षक दुकानों का अवलोकन कर हस्तशिल्पकारों, बुनकरों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हाट बाजार में विकसित किया गया आकर्षक गार्डन, ओपन ऑडिटोरियम, कैफेटेरिया, हाट बाजार की सुंदरता और सुविधाओं का समावेश है। यह देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

## जरूरी खबर

### आरयू अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के चुनाव 21 को




**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय अशैक्षणिक कर्मचारी संघ, तकनीकी कर्मचारी संघ और सहायक कर्मचारी संघ के चुनाव 21 जुलाई को होंगे। चुनाव अधिकारी प्रोफेसर रामेश्वर जाट ने बताया कि संघ में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद उसी दिन मतगणना करके चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रत्याशी 15 को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जांच के बाद उसी दिन दोपहर 3:00 बजे बाद योग्य प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। इसके बाद 17 को चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा। इन चुनावों में प्रत्याशियों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 5 हजार रुपए निर्धारित की गई है।

### निगम ने वसूले कैरिंग चार्ज के 66,500 रुपए

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए प्लास्टिक थैली रखने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हेरिटेज निगम के स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त आशीष कुमार के निर्देशन में स्वास्थ्य दस्ते ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्रवाई कर व्यापारियों से 66,500 कैरिंग चार्ज वसूल किए। उपायुक्त आशीष कुमार ने बताया कि पॉलिथीन एक न नष्ट होने वाला पदार्थ है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है, इसलिए इसका उपयोग करने से बचें व अधिक से अधिक मात्रा में कपड़े व जूट के थैलों का उपयोग करें। निगम की ओर से आगे भी पॉलिथीन रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

6 साल पहले भगाकर ले गया था प्रेमिका को, तब से रह रहे थे साथ

# शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो लिव इन पार्टनर को चाकू से गोदा

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर थाना इलाके में एक युवक ने शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। लिव इन पार्टनर ने उसे शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो चाकू से वार कर घायल कर दिया और उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग निकला। युवती के चीखने की आवाज सुन पड़ोसियों ने बीच बचाव किया और पीछा कर घटना को अंजाम देने वाले इशरार को पकड़ लिया।



### पिता से मिलने आई थी पीड़िता, आरोपी भी आ गया

एसीपी मानसरोवर अभिषेक शिवहरे ने बताया कि आरोपी इशरार शाह जीरापुरा राजगढ़ का रहने वाला है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में 22 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें उसने बताया कि 6 साल पहले वह इशरार के साथ भाग कर गई थी। तब से लेकर अब तक वह मध्यप्रदेश के गांव जीरापुरा राजगढ़ में रह रही है। 4 जुलाई को वह मानसरोवर में रहने वाले अपने पिता से मिलने आई थी। उसके साथ आरोपी भी आया था। 5 जुलाई को माता पिता बाहर गए थे। इसी दौरान इशरार ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पीड़िता ने पैसे देने से मना कर दिया तो वह गाली गलौच और मारपीट करने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्साए इशरार ने सब्जी वाला चाकू लेकर उसकी गर्दन और गाल पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। हमले में युवती की गर्दन, सिर और हाथ पर चोटें आईं। चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और इशरार को भागते समय पकड़ लिया।

### क्या है लिव इन रिलेशन

लिव-इन सम्बन्ध या लिव-इन रिलेशनशिप एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें स्त्री या पुरुष जिनका विवाह नहीं हुआ है,लेकिन एक पति-पत्नी की तरह आपस में रहते हैं। जानकारों को कहना है कि ऐसे सम्बन्ध कई बार लम्बे समय तक चल सकते हैं या फिर अस्थाई भी हो सकते हैं। इस मामले की जांच एसीपी मानसरोवर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों इस घटना में स्त्री व पुरुष अलग-अलग धर्म से आते है। ऐसे में पुलिस इस घटना के किसी अन्य कनेक्शन की भी जांच कर रही हैं।

### लोग नहीं बचाते तो मार डालता

पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है कि उसने इस तरह की घटना को क्यों अंजाम दिया। पीड़िता का कहना है कि अगर लोग उसे नहीं बचाते तो यह उसे मार भी सकता था। जब वह चिल्लाई तो आरोपी भागने लगा। चीख-चिल्लाहट सुनकर इकट्ठा हुए पड़ोसियों ने इरशाद को चाकू लेकर भागते देखा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया और घायल पीड़िता को तुरंत हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। आरोपी इरशाद को लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर मानसरोवर थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

### जाति सूचक शब्दों से करता था संबोधित

लिव इन में रह रही पीड़िता ने आरोप लगाया कि इशरार उसे जाति सूचक शब्दों से संबोधित करता है। उसने कई वार विरोध भी किया, लेकिन वह नहीं माना। उसे उसकी जाति को लेकर लगातार टॉर्चर करता था। महिला बार-बार उसे ऐसा करने से मना करती थी, लेकिन वह नहीं माना। अब सिर्फ शराब के पैसे नहीं दिए तो वह इस हरकत पर उतर आया कि उसने चाकू से वार कर घायल कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता डेली वेजेज पर काम करते हैं, जिस कारण उसकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

मौसम: राजधानी समेत 23 जगह आज भी भारी बारिश का अलर्ट

# सावन की रिमझिम से सड़कों पर समंदर, लहरों में बही व्यवस्थाएं

बेधड़क | जयपुर

अभी तो सावन की शुरुआत हुई है और हल्की सी बरसात में ही शहर की सड़कें समंदर हो रही हैं। प्रशासनिक तैयारियां सड़कों पर उठ रही लहरों में पता नहीं कहां बह गई हैं। शुक्रवार को हुई रिमझिम के बाद शहर में बने हालात से तो यही लग रहा है। शुक्रवार को कई इलाकों में बारिश हुई। इसके चलते कई जगह सड़कों पर पानी भर गया, जिसमें बाइक और स्कूटर आधे तक डूबे नजर आ रहे थे। इसके अलावा दिनभर रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण आमजन बारिश से बचाव की जगह ढूंढते नजर आए।

मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार भले ही बारिश 9.4 एमएम दर्ज हुई हो, मगर कई जगहों पर तो नजारा देखकर यह लग रहा था कि जैसे 20 एमएम से भी अधिक हुई हो। नाले उफान पर आ गए तो सड़कें जलमग्न नजर आईं। दिनभर बारिश होने की वजह से यहां का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम था। दूसरी तरफ शुक्रवार को राज्य की दो जगह 30 डिग्री से नीचे दर्ज की गईं इनमें सिरोही 28.8 डिग्री के अलावा भीलवाड़ा में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




फोटो: पंकज शर्मा

### जगह- जगह अंडरपास में भरा पानी

राजधानी में करीब दो दर्जन से अधिक अण्डरपास हैं, जिनमें शुक्रवार को भारी बरसात के बाद पांच से सात फीट तक पानी भर गया। इसके चलते यहां से निकलने वाले लोग दूसरे मार्गों का सहारा लेकर अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचे। वहीं, दोपहर बाद शुरू हुई बारिश के कारण राजधानी के प्रमुख बाजारों में कम चहल- पहल नजर आई।

### डेढ़ दर्जन जगह भारी बारिश का अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर की ओर से प्रदेशभर में 10 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इधर विभाग की ओर से शनिवार को भी 23 जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों में राजधानी जयपुर के अलावा अजमेर, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, डूंगरपुर, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनू, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, चूरू, हनुमानगढ़, जालौर के अलावा पाली जिला शामिल है। विभाग की ओर से 10 जुलाई तक अधिकतम तापमान में बढ़त की कोई संभावना नहीं जताई है।

### ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल

राजधानी में शुक्रवार को तेज बारिश के कारण अजमेर रोड नेहरू नगर के अलावा एलिवेटेड सीकर रोड समेत कई इलाकों में पानी भर गया। इससे यहां से आमजन को पैदल गुजरने में समस्याओं का सामान करना पड़ा। बाइक सवार यहां पानी कम होने का इंतजार करते नजर आए। दूसरी तरफ बरसात ने ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। राजधानी के नाले शुक्रवार की बरसात के बाद पानी के बहाव तक को नहीं संभाल पाए और जगह-जगह पानी भरा नजर आया।



### जयपुर में 9.4 एमएम बारिश

राजधानी में सुबह से मौसम में नमी महसूस की गई। यहां सुबह के समय तापमान 26 डिग्री था। इधर, ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय ही बरसात शुरू हो गयी थी, जो देर रात तक निरंतर जारी रही। शहरी इलाकों में दोपहर बाद में मौसम ने यू टर्न लिया और बारिश का दौर शुरू हुआ। इसके कारण यहां का तापमान 33 से गिरकर शाम होते- होते 28 पर आ रुका। यहां देर रात तक कई इलाकों में जोरदार बारिश होती नजर आई। मौसम विभाग ने यहां 9.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की।

सिरसी रोड: स्वास्तिक रेजीडेंसी का मामला

# मंदिर तोड़ने के विरोध में मंत्री पहुंचे जेडीए



बेधड़क | जयपुर

सिरसी रोड स्थित स्वास्तिक रेजीडेंसी श्रीरामपुरा में जेडीए की कार्रवाई पर कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया ने आपत्ति जताई है। शुक्रवार को कटारिया जेडीए द्वारा मंदिर पर कार्रवाई की सच्चाई को जानने के लिए जेडीए पहुंचे और आयुक्त डॉ. जोगाराम से इस मामले पर बात की। इस दौरान मंत्री कटारिया जेडीए में करीब एक घंटे तक रहे।

उन्होंने जोन 12 के अधिकारियों से लेकर प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों से भी बात की और कागजी कार्यवाही देखी। जेडीसी ने मंत्री को आश्वस्त किया कि जेडीए ने मंदिर नहीं अपितु सड़क पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है।

### यह है मामला

जेडीसी डॉ. जोगाराम ने बताया कि श्रीरामपुरा के निवासियों ने जेडीए में सड़क सीमा में अतिक्रमण करने की शिकायत की थी। पुष्टि होने के बाद अतिक्रमणकारी सुंदर सिंह, सत्यनारायण शर्मा और बजरंग लाल यादव को 19 जून को नोटिस जारी किया दिया। संतुष्टप्रद जवाब नहीं दिए जाने पर फाइल जेडीसी जोगाराम तक गई और पांच जुलाई को जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कार्रवाई कर अवैध निर्माण का ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के खिलाफ कुछ लोग मंत्री लाल चंद कटारिया के पास गए और जेडीए की मंदिर पर कार्रवाई का विरोध जताया था।

### ये दिया था आदेश में

जोन 12 में सिरसी गांव में गैर अनुमोदित योजना स्वास्तिक रेजिडेंसी में सड़क को अवरुद्ध करते हुए सड़क सीमा में ही पिछले दिनों से बनाए जा रहे अवैध चबूतरे व पिलर निकाल कर ऊपर छत भरकर निर्माणाधीन मंदिरनुमा ढांचा बनाया जा रहा है। जिसे नियमानुसार प्रक्रिया अपनाकर ध्वस्तीकरण कर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

महापौर ने मेयरल शिखर सम्मेलन में दिया व्याख्यान

# शहरीकरण की चुनौतियों पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को अहमदाबाद में आयोजित अरबन -20 मेयरल शिखर सम्मेलन में जयपुर का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में उन्होनें पुनर्विचार, योजना और शासन ढांचे विषय पर प्रेजेंटेशन दिया और शहरीकरण से पैदा हुई चुनौतियों पर रोशनी डालते हुए समाधान के रूप में समावेशी विकास के साथ 3 आईज के आधार पर शहरी नवीनीकरण के बारे में विस्तृत चर्चा की।



सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, सामाजिक समावेशन, टिकाऊ गतिशीलता, किफायती आवास और शहरी वित्तपोषण सहित शहरी विकास की विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने दुनिया भर से 50 से अधिक महापौर और भारतीय शहरों से लगभग 25 मेयर के साथ मंच साझा कर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में रियाद पैरिस, लुसाका के महापौरों ने भी अपने-अपने शहर स्तर के कार्यों और अनुभवों को एक-दूसरे के साथ साझा किया।

बिना शर्त ओपीएस की मांग को लेकर संगठनों का प्रदर्शन

# 7 दिन में शर्त नहीं हटी तो सारे विवि करेंगे बंद

बेधड़क | जयपुर

बिना शर्त ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ओल्ड पेंशन संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के बैनर तले 20 राजकीय विश्वविद्यालयों और 3 स्वायत्तशासी बोर्ड के सैकड़ों कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया।



समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त हुए स्वायत्तशासी संस्थाएं और राजकीय विश्वविद्यालयों के कर्मचारी के लिए राज्य कर्मचारियों की तर्ज पर ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एनपीएस में जमा नियोक्ता अंशदान राशि का 12% मय ब्याज जमा कराने पर कर्मचारी पर 10 लाख से 40 लाख तक का भार पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर सभा कर शपथ ली कि अगर आगामी सप्ताह तक सरकार नियोक्ता अंशदान राशि जमा कराने की शर्त को नहीं हटाती है और पेंशन का भार सरकार द्वारा वहन करने का आदेश जारी नहीं करती है तो प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालय एक साथ बंद करेंगे। प्रदर्शन के बाद समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी ललित कुमार को ज्ञापन सौंपा। ओएसडी ललित ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

तैयारियां: अधिकारियों के सामने बारिश और ड्रेनेज सिस्टम बड़ी चुनौती

# सख्त निर्देश... महामहिम आ रहीं हैं, चमका दो पिंकसिटी

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 14 जुलाई के शहर की यात्रा को देखते हुए नगर निगम हेरिटेज अब से कुछ दिन शहर की व्यवस्था को चाक-चौबंद करने जा रही हैं। इसके लिए निगम हेरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रपति की यात्रा और जी- 20 समिट सम्मेलन को देखते हुए साफ-सफाई, परकोटे की दीवारों पर रंग-रोगन, अतिक्रमण व पोस्टर बैनर को हटाने और बरामदों की मरम्मत कराने के लिए कहा है।

शहर में किसी भी तरह का कचरा नहीं फैले, इसकी निगराने के लिए प्रत्येक कचरा डिपो पर एक कर्मचारी और हूपर तैनात करने के भी निर्देश दिए है। हालांकि, निगम के अधिकारी शहर को चमकाने में बारिश और डेनेज सिस्टम को सबसे बड़ी चुनौती मान रहे हैं। फिलहाल ये दोनों समस्या जयपुर में लोगों के लिए परेशानी बन कर खड़ी हो रही है। उन्होंने बताया कि महामहिम राष्ट्ररपति द्रौपदी मुर्मू की 14 जुलाई को जयपुर की यात्रा और 29 से 31 जुलाई तक जयपुर में होने वाले जी 20 सम्मेलन से पहले नगर निगम जयपुर हेरिटेज ने शहर की सूरत बदलने हेतु तैयारियां शुरू कर दी है, ताकि इस दौरान जो भी प्रतिनिधि गुलाबी नगरी विशेष कर परकोटे में भ्रमण पर आए तो उसकी यादों में जयपुर यात्रा सदैव अविस्मरणीय रहे।



### आयुक्त ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

आयुक्त शेखावत ने शुक्रवार को सभी जोन उपायुक्तों, शाखा प्रभारियों व अधिशाषी अभियंताओं के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों साफ निर्देश दिए कि आगामी 10 दिन के अन्दर फुटपाथों, बरामदों, नालियों, नालों, सड़कों में बने गड्ढों, डिवाइडर्स व लोहे की रेलिंग की मरम्मत करवाएं, टूटे फेरोकवर बदलें व नालों को फेरोकवर से ढकवाएं, सीवरेज लाइन व नालियों की मरम्मत करवाएं।

### गलती की तो उपायुक्त जिम्मेदार

बैठक में उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार को निर्देश दिए कि जी-20 सम्मेलन तक प्रत्येक कचरा डिपो पर एक कर्मचारी व एक हूपर तैनात रहे ताकि कचरा डिपो समय पर उठता रहे व कचरे से बदबू आदि न फैले। वहीं, उपायुक्त सतर्कता मनीषा यादव को अस्थायी अतिक्रमण हटाने और थड़ी ठेलों को जब्त करने के बाद न छोडने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महामहिम की यात्रा व जी-20 सम्मेलन के सम्पन्न होने तक एक भी पशु सड़क पर नजर आया तो उनकी जिम्मेदारी तय होगी। बैठक में उपायुक्त सिविल लाईन जोन नरेश तंवर, उपायुक्त हवामहल-आमेर, किशनपोल जोन सुरेन्द सिंह यादव, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एसके वर्मा सहित सभी अधिशाषी अभियन्ता उपस्थित रहे।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# होटल हयात कर्मी का शव मिलने से हड़कंप!

बेधड़क | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट के मालवीय नगर थाना इलाके के एक में कमरे में होटल हयात के कर्मचारी का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

वहीं, इस संबंध में परिजनों ने होटलकर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी हरिसिंह दूधवाल ने बताया कि मृतक मयंक (22) नैनीताल उत्तराखंड का रहने वाला था। वह करीब 20 दिन पहले ही जयपुर आया था और अपेक्स सर्किल स्थित होटल हयात में काम कर रहा था। जानकारी में सामने आया कि बुधवार रात को वह नशे की हालत में होटल पहुंचा था। इस पर होटलकर्मियों ने उसे वापस भेज दिया। इस पर मयंक होटल के बाहर थड़ी पर जाकर सो गया। उसके साथी उसे यहां से उठाकर उस कमरे पर छोड़कर आए, जहां पर वह रहता था। गुरुवार सुबह मयंक कमरे में मृत अवस्था में पड़ा मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। शुक्रवार को परिजन शव लेने जयपुर पहुंचे तो उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। परिजनों का आरोप है कि मृतक के मुंह से खून निकलने के साथ ही शरीर नीला पड़ा हुआ था। प्राइवेट पार्ट पर भी चोट के निशान मिले हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर विशेष

# दिग्गज राजनेता थे चंद्रशेखर



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार





संसद के सदस्य के रूप में उन्होंने दलितों के हित के लिए कार्य करना शुरू किया एवं समाज में तेजी से बदलाव लाने के लिए नीतियां निर्धारित करने पर जोर दिया। इस संदर्भ में जब उन्होंने समाज में उच्च वर्गों के गलत तरीके से बढ़ रहे एकाधिकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तो सत्ता पर आसीन लोगों के साथ उनके मतभेद हुए। वे एक ऐसे युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आए जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वे 1969 में दिल्ली से प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका 'यंग इंडियन' के संस्थापक एवं संपादक थे। चंद्रशेखर हमेशा व्यक्तिगत राजनीति के खिलाफ रहे एवं वैचारिक तथा सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया।

भारत की राजनीति में चंद्रशेखर अकेले ऐसे नेता थे जो पूर्व में कभी किसी सरकार में मंत्री रहे बिना ही सीधे प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें अपने जमाने में युवा तुर्क के रूप में जाना जाता था। कांग्रेस में रहते हुए चंद्रशेखर ने रामधन व मोहन धरिया के साथ मिलकर कांग्रेस में एक जोड़ी बनाई थी, जो उस वक्त अपनी बेबाक राय को लेकर खासी प्रसिद्ध हुई थी। चंद्रशेखर का जन्म 1 जुलाई, 1927 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपटी गांव के एक किसान परिवार में हुआ था। वो 1977 से 1988 तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे थे। चंद्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे और क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए।

उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। वे बलिया में जिला प्रजा समाजवादी पार्टी के सचिव चुने गए। एक साल के भीतर वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के संयुक्त सचिव बने। 1955-56 में वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के महासचिव बने। 1962 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए। वे जनवरी 1965 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। 1967 में उन्हें कांग्रेस संसदीय दल का महासचिव चुना गया। संसद के सदस्य के रूप में उन्होंने दलितों के हित के लिए कार्य करना शुरू किया एवं समाज में तेजी से बदलाव लाने के लिए नीतियां निर्धारित करने पर जोर दिया। इस संदर्भ में जब उन्होंने समाज में उच्च वर्गों के गलत तरीके से बढ़ रहे एकाधिकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तो सत्ता पर आसीन लोगों के साथ उनके मतभेद हुए। वे एक ऐसे युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आए जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वे 1969 में दिल्ली से प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका 'यंग इंडियन' के संस्थापक एवं संपादक थे। चंद्रशेखर हमेशा व्यक्तिगत राजनीति के खिलाफ रहे एवं वैचारिक तथा सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया।

*1989 में जब जनता दल की गठबंधन सरकार बनी तो उस समय प्रधानमंत्री पद की रेस में चंद्रशेखर भी शामिल थे, लेकिन वीपी सिंह का पलड़ा भारी पड़ा। वीपी सिंह की पारी बहुत लंबी नहीं चली और 11 महीने के बाद ही उनकी सरकार गिर गई। फिर चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने। चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री के रूप में चार महीने मिले। उन चार महीनों में उन्होंने यह साबित किया कि वो प्रधानमंत्री पद के लायक हैं। चंद्रशेखर सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने मालदीव जा रहे थे। उन्हें विदेश मंत्रालय ने जो भाषण लिखकर दिया था उसे उन्होंने रास्ते में देखा, लेकिन सम्मेलन में पढ़ा नहीं।*

यही सोच उन्हें 1973-75 के अशांत एवं अव्यवस्थित दिनों के दौरान जयप्रकाश नारायण एवं उनके आदर्शवादी जीवन के और अधिक करीब ले गई। इस वजह से वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी के भीतर असंतोष का कारण बन गए। 25 जून, 1975 को आपातकाल घोषित किए जाने के समय आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उस समय वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्य समिति व केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य थे। चंद्रशेखर सत्तारूढ़ पार्टी के उन सदस्यों में से थे जिन्हें आपातकाल के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। आपातकाल के दौरान जेल में बिताए समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी थी जो बाद में 'मेरी जेल डायरी' के नाम से प्रकाशित हुई।

'सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता' उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। चंद्रशेखर ने 6 जनवरी, 1983 से 25 जून 1983 तक कन्याकुमारी से नई दिल्ली में राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि तक लगभग 4260 किमी की दूरी की पदयात्रा की थी। उनकी इस पदयात्रा का एकमात्र लक्ष्य था लोगों से मिलना एवं उनकी महत्वपूर्ण समस्याओं को समझना। उन्होंने सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा सहित देश के विभिन्न भागों में लगभग पंद्रह भारत यात्रा केंद्रों की स्थापना की थी। ताकि वे देश के पिछड़े इलाकों में लोगों को शिक्षित करने एवं जमीनी स्तर पर कार्य कर सकें। 1984 से 1989 तक की संक्षिप्त अवधि को छोड़ कर 1962 से वे लगातार संसद के सदस्य रहे। चंद्रशेखर का विवाह श्रीमती दूजा देवी से हुआ एवं उनके दो पुत्र पंकज सिंह और नीरज सिंह हैं। युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की शनिवार को पुण्यतिथि है। 8 जुलाई, 2007 को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में उनका देहांत हो गया था। चंद्रशेखर के बारे में कहा जाता है कि वो पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने राज्य सरकार में मंत्री या केंद्र में मंत्री बने बिना ही सीधे प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

चंद्रशेखर एक प्रखर वक्ता, लोकप्रिय राजनेता, विद्वान लेखक और बेबाक समीक्षक थे। वे अपने तीखे तेवरों और खुलकर बात करने के लिए जाने जाते थे। इस वजह से ज्यादातर लोगों की उनसे पटती नहीं थी। कॉलेज समय से ही वे सामाजिक आंदोलन में शामिल होते थे और बाद में 1951 में सोशलिस्ट पार्टी के फुल टाइम वर्कर बन गए।

सोशलिस्ट पार्टी में टूट पड़ी तो चंद्रशेखर कांग्रेस में चले गए। 1975 में इमरजेंसी लागू हुई तो चंद्रशेखर उन कांग्रेसी नेताओं में से एक थे, जिन्हें विपक्षी दल के नेताओं के साथ जेल में ठूंस दिया गया। इमरजेंसी के बाद वे वापस आए और विपक्षी दलों की बनाई गई जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। अपनी पार्टी की जब सरकार बनी तो चंद्रशेखर ने मंत्री बनने से इनकार कर दिया। 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला। जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार बीजेपी के समर्थन वापस लेने के चलते अल्पमत में आ गई थी। उस समय चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में टूट हुई व 64 सांसदों का एक धड़ा अलग हुआ और उसने सरकार बनाने का दावा ठोंक दिया।

उस वक्त राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। हालांकि प्रधानमंत्री बनने के बाद चंद्रशेखर ने कांग्रेस के मुताबिक चलने से इंकार कर दिया। चार महीने में ही राजीव गांधी ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। 1989 में जब जनता दल की गठबंधन सरकार बनी तो उस समय प्रधानमंत्री पद की रेस में चंद्रशेखर भी शामिल थे, लेकिन वीपी सिंह का पलड़ा भारी पड़ा। वीपी सिंह की पारी बहुत लंबी नहीं चली और 11 महीने के बाद ही उनकी सरकार गिर गई। फिर चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने। चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री के रूप में चार महीने मिले। उन चार महीनों में उन्होंने यह साबित किया कि वो प्रधानमंत्री पद के लायक हैं। चंद्रशेखर सार्क सम्मेलन की बैठक में हिस्सा लेने मालदीव जा रहे थे। उन्हें विदेश मंत्रालय ने जो भाषण लिखकर दिया था उसे उन्होंने रास्ते में देखा, लेकिन सम्मेलन में पढ़ा नहीं। उन्होंने ठेठ भाषा में अपना खुद का भाषण पढ़ा। चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री बनने के लिए कोई सपना नहीं पाला था, लेकिन जब प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला तो उस चुनौती को पूरी तरह से स्वीकार किया।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## CBI जांच में पनपा नेताजी का पौधा



प्रीतम लखवाल
व्यंग्यकार

एक दिन नेताजी का पौधा गायब हो गया। बात सरकार तक पहुंची। इस सूचना के बाद सरकार चिंतित हो गई। जब सरकार चिंतित होती है तब कोई न कोई अध्यादेश या आदेश का जन्म होता है। फरमान गूंज उठा और सारे विभाग के मंत्रियों को भी चिंतन में तलब कर लिया गया।

आखिर नेताजी के पौधे के गायब होने की खबर थी। सोशल मिडियार्थी तो यूं भी ठाले बैठे रहते हैं। सरकार को भय था कि यह खबर वायरल न हो। इसके वायरल होने से पहले ही एक्शन नामी हथियार को आजमा और चमका लिया जाए। आनन-फानन में मीटिंग बुला ली गई। सभी को इस उत्पन्न समस्या से पार पाने के लिए सुझाव देने के लिए बाध्य किया गया। एक मंत्री ने पंचायत समिति के सीईओ पर कार्रवाई करने की पारंपरिक सलाह दी तो दूसरे ने सरपंच को लपेटने का सुझाव दे डाला। तीसरा मंत्री झपकी लेते हुए कहने लगा कि नेताजी के पौधे को गायब करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पंचायतद्रोह का मुकदमा दर्ज कराया जाए। उधर, कोने में बैठे एक अफसरनुमा नेता ने कहा कि इन सबसे नेताजी का पौधा वापस आने से रहा। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। वह भी सीबीआई से। बता दूं- हमेशा उच्चस्तरीय जांच हमेशा निचले स्तर के अधिकारी ही करते हैं, लेकिन सुझाव सीबीआई से जांच का था तो पूरे हॉल में सन्नाटा पसर गया, क्योंकि जांच की आंच किन-किन को लपेटे में लेगी, इसको लेकर आशंका के कुकुरमुत्ते सिर उठाने लगे। सुझाव को डन कर दिया गया और सीबीआई को हायर कर लिया गया।

आजकल तो जांच एजेंसियां हायर ही की जाती हैं। जांच शुरू हुई। सीबीआई क्राइम सीन तक पहुंची। उस गड्ढे तक भी जहां नेताजी ने अपने नामाक्षर के साथ पौधे को जमीन के सुपुर्द किया था। सीबीआई को वहां एक पौधा लहलहाता नजर आया। उसके फोटो खींचे गए और वीडियो बनाए गए। सरकार को रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट देख वह नेताजी भड़क गए। क्रोध में थर-थर कांपते हुए चिल्लाए- मैंने तो वहां बबूल का पौधा रोपा था। यह तो आम का है। रात-म-रात पौधा लगा कैसे, फिर बदला कैसे? सीबीआई ने माथा पीट लिया। अब जांच की दिशा और दशा दोनों बदल गई। जांच एजेंसी पुनः प्रयास में लग गई। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि पौधे को एक बकरा खा गया। सीबीआई के अधिकारी उस बकरे की तलाश में निकल पड़े। कई दिन तक माथा खपाने के बाद उन्हें क्लू मिला कि जिस बकरे को अधिकारी ढूंढ रहे हैं, वह पिछले कई दिनों से गायब है।


अब उलझन बढ़ गई। स्याला बकरा भी गायब हो गया। कैसा जमाना आ गया है। जिसे खोजो वही गायब हो जाता है। अधिकारी अभी अपना सिर धुन ही रहे थे कि एक दुबला सा व्यक्ति हांफता आया और थोड़ा दम लेकर बोला- जिस बकरे को आप ढूंढ रहे हैं, उसे गांव वालों ने कुछ दिन पहले काट दिया। यह सुनकर सीबीआई की सांस अंतड़ियों में समा गई। गांव वालों को इकट्ठा किया गया। पूछताछ शुरू हुई। नतीजा सामने आया कि पौधा लगाने वाले नेताजी दौरे पर आए थे। उनकी खातिर-पानी में बेचारा बकरा कट गया। सीबीआई की जांच पूरी हुई। रिपोर्ट में लिखा गया- सरपंच ने बबूल का पौधा चुराकर खेत की मेढ़ पर लगा लिया है। जांच की खबर गांव में फैली तो वहां आम का पौधा लगा दिया। गाज सरपंच पर गिरी। उधर, राजधानी में बादल छा गए। मुखिया के आदेश पर सभी विभागों के अधिकारियों को ई-मेल एड्रेस पर फरमान गया। राजधानी में बादल छा गए हैं, पौधरोपण की करो तैयारी। जैसे ही मेल पहुंचा वैसे ही विभागीय कार्रवाई तुरंत एक्टिव मोड पर आ गई।

धड़ाधड़ पौधों की पूछ-परख होने लगी। टेंडर मंगाकर प्राइवेट नर्सरी से पौधे मंगवाए गए। मोटा बजट खर्च हुआ। आखिर, इससे मिलने वाली मलाई का सवाल था। वही नेताजी फिर आए और पौधा लगाया। सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर तैरने लगे। वहीं एक और पौधा झूमने लगा। गांव वालों ने ताली बजाई और चादर तान के सो गए।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
छत्तीसगढ़ कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन से थक चुका है, लोग बीजेपी की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं!

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
खत्म हुआ इंतजार, करें स्कीमों का प्रसार, पाएं आकर्षक पुरस्कार।





**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
राहुल गांधी जी इस अहंकारी सत्ता के सामने सत्य और जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं, अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है, सत्य की जीत होगी, जनता की आवाज जीतेगी, जय हिंद।

**मायावती,** पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@Mayawati
मध्यप्रदेश के सीएम द्वारा सीधी जिले के पेशाबकाण्ड के पीड़ित आदिवासी युवक को लगभग 600 किलोमीटर दूर भोपाल बुलाकर सीएम हाऊस में कैमरा के घेरे में उसके पैर धोना सरकारी पश्चाताप कम तथा इनकी नाटकबाजी व चुनावी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।




**नॉलेज कॉर्नर:** पूर्वानुमानों पर कार्य करता है यह विभाग

# 179 वर्षों से संचालित 'मौसम विभाग'

जब कभी हम घर से बाहर निकलते हैं तो एक ही डर सताता है कि कहीं मौसम परिवर्तन न हो जाए। इसी भय के कारण व्यक्ति पुख्ता इंतजाम के साथ अपने गंतव्य पर जाता है। हमारी इसी परेशानी को दूर करने के लिए मौसम विभाग समय-समय पर अपडेट देता रहता है, जिससे कि व्यक्ति मौसम के बदलाव को लेकर सतर्क रहे। यदि जरूरत पड़ने पर कहीं जाने की आवश्यकता हो तो पूरी व्यवस्था के साथ जा सकें। टेक्नोलॉजी के इस दौर में हम अपने मोबाइल में आने वाले दिनों का मौसम का हाल जान सकते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं मौसम विभाग कैसे लगाता है मौसम का पूर्वानुमान...

### मौसम का पूर्वानुमान बताया है यह विभाग

मौसम विभाग पूर्वानुमानों पर कार्य करता है, जिसे वेदर फॉर कास्टिंग कहा जाता है। इसका अर्थ है "किसी स्थान के वायुमंडल की भविष्य में स्थिति की भविष्यवाणी करना।" हालांकि अनौपचारिक रूप से हमारे बुजुर्ग हजारों सालों से मौसम की भविष्यवाणी करते आए हैं, लेकिन 19वीं शताब्दी से औपचारिक रूप से मौसम की भविष्यवाणी की जा रही है। मौसम वह स्थिति है जो वातावरण की दशा को व्यक्त करता है। यह क्षणिक घटना है। मौसम विभाग को भारत मौसम विज्ञान विभाग या आईएमडी के नाम से जाना जाता है। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। इसके अंतर्गत मौसम विज्ञान प्रक्षेण, मौसम पूर्वानुमान



और भूकंप विज्ञान एजेंसी भी शामिल है। मौसम को प्रभावित करने वाली घटनाएं अधिकतर क्षोभ मंडल में होती है।

### विभाग की स्थापना

भारतीय मौसम विभाग की स्थापना वर्ष 1844 में हुई थी। इसके बाद वर्ष 1875 में इसका नाम बदलकर मौसम सर्वेक्षण अनुसंधान कर दिया गया था। वर्ष 1905 में इसका मुख्यालय शिमला में था। इसके बाद वर्ष 1928 में पुणे और फिर नई दिल्ली में इसे स्थानांतरित कर दिया गया। वर्तमान में इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। देश आजाद होने के बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग 27 अप्रैल, 1949 को विश्व मौसम विज्ञान संगठन का सदस्य बना। यह विभाग भारत से लेकर अंटार्कटिका तक सैकड़ों प्रक्षेण स्टेशन चलाता है। जिससे मौसम की वास्तविकता स्थिति का पता चलता है।

**यूं करता है काम**

*विभाग का नेतृत्व मौसम विज्ञान के महानिदेशक करते हैं। वर्तमान में इसके महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र हैं। इस विभाग के 6 उप महानिदेशक चेन्नई, गुवाहाटी, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली और हैदराबाद के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का संचालन करते हैं। विभाग वायुमण्डल का अध्ययन कर मौसम का पूर्वानुमान बताते हैं।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**इनीशिएटिव: सीयूईटी प्रो के साथ हुआ एमओयू, यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए निखरेगा टैलेंट**

# जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन में विशेषज्ञ कराएंगे सीयूईटी की तैयारी




**बेधड़क** | जयपुर

सीतापुरा स्थित जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन एवं सीयूईटी प्रो के मध्य शुक्रवार को नए सत्र में सीयूईटी की तैयारियों को लेकर एमओयू साइन किया गया।

इस मौके पर जीसीईसी फाउंडेशन के फाउंडर परेश गुप्ता एवं पूजा गुप्ता तथा सीयूईटी प्रो की ओर से तुषार सैनी ने यह एमओयू साइन किया। गुप्ता ने बताया कि सीयूईटी की तैयारियों को लेकर शुरू किए गए इस नए वेंचर में सभी मेंटर्स दिल्ली यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के एक्सपर्ट होंगे, जिससे शिक्षण में अव्वल दर्जे की गुणवत्ता मिलेगी।

पूजा गुप्ता ने बताया कि सीयूईटी प्रो का यह तीसरा बैच होगा जिसकी शुरुआत सीतापुरा से की जा रही है। सीयूईटी के प्रति बढ़ते उत्साह के चलते इस इलाके मे बच्चों के लिए यह सेंटर काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। तुषार सैनी ने बताया कि अब तक बड़ी संख्या में सेंटर के स्टूडेंट्सीस सीयूईटी में टॉप पोजिशन पर क्वालीफाई कर चुके हैं। जल्द ही आने वाले सीयूईटी-2023 के परिणाम में भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स के क्वालीफाई करने की उम्मीद है।

इस अवसर पर एक्सपर्ट्स ने सीयूईटी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के बारे मे विस्तार से चर्चा की।

गौरतलब है कि देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित बड़ी संख्या में अन्य विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर अनिवार्य है।

जल्द ही सभी संस्थानों में इस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। सीयूईटी यूजी-2023 में देशभर के 14 लाख से अधिक व सीयूईटी पीजी-2023 में करीब 5 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

### मेधावी छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

तुषार सैनी ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों के उत्थान के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट लिए जाएंगे जिसमें स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस के अनुरूप 100% तक स्कॉलरशिप दी जाएगी। इससे पढ़ाई में मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से अक्षम स्टूडेंट्स स्कॉलरशिप की मदद से अपनी पढ़ाई पूरी कर पाएंगे।

## Yuva स्टोरीज



**नई छात्र परिषद् ने ली शपथ |**
**जयपुर।** सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को नई छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में आईआईएस शिक्षण संस्थान समूह के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने नई विद्यार्थी परिषद को सैश और बैज प्रदान किए। साथ ही नई परिषद को पद के लिए शपथ दिलाई। सत्र 2022-23 की विद्यार्थी परिषद के हेड बॉय और हेड गर्ल ने सत्र 2023-24 की नवीन परिषद के हेड बॉय और हेड गर्ल को स्कूल ध्वज सौंपकर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए सजग रहने का संदेश दिया। संस्था निदेशक डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को विद्यालय की संस्कृति और मूल्यों को बनाए रखने की बात कही। नवीन परिषद में गार्विक सिंह गजावत हेड बॉय तथा खुशी श्रीवास्तव हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किए गए हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने नई परिषद को शुभकामनाएं दीं।

**राजस्थान विवि स्टाफ ने दी प्रो. नगावत को बधाई |**
**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. ए के नगावत को दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो.नगावत की नियुक्ति पर राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अन्य स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी। प्रो. नगावत राजस्थान विश्वविद्यालय के फिजिक्स डिपार्टमेंट में वरिष्ठ शिक्षक के रूप में सेवाएं देते रहे हैं। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रो. नगावत का विश्वविद्यालय में कन्वर्जिंग टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना व इसमें नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने में विशेष योगदान रहा है। प्रो. नगावत की विशिष्ट शैक्षणिक क्षमताओं को देखते हुए राज्य में हाल ही प्रारंभ हुए विश्वविद्यालयों के साथ ही नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने भी उनकी सेवाएं ली थीं। प्रो. नगावत के कुलपति बनने से राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टाफ में खुशी का माहौल है।





**URATPG आज से |**
**जयपुर।** विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए URATPG शनिवार से शुरू होगी। URATPG की संयोजक प्रो. रश्मि जैन ने बताया कि परीक्षा करीब 3200 सीटों के लिए होगी। इन सीट्स के लिए 14 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किये हैं। परीक्षाएं 4 शिफ्ट में होगी। शनिवार को पहले दिन इकोनॉमिक्स, संस्कृत, विजुअल आर्ट्स, लॉ, भूगोल और हिंदी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा परिणाम के बाद मेरिट के आधार पर स्टूडेंट्स को विभाग में एडमिशन दिया जाएगा।

ICSI
The Institute of Company Secretaries of India

**CSEET स्थगित, अब होगी 30 जुलाई को |**
**जयपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (ICSI) की ओर से आयोजित होने वाली कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव प्रवेश परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। सीएसईईटी-2023 परीक्षा 8 जुलाई को आयोजित होने वाली थी। अब यह परीक्षा 30 जुलाई को आयोजित होगी। आईसीएसआई रिमोट प्रॉक्टरिंग के तहत ऑनलाइन मोड में सीएसईईटी आयोजित करेगा। सभी पात्र उम्मीदवारों को टेस्ट से तीन दिन पहले लॉग-इन क्रेडेंशियल भेजे जाएंगे। जो छात्र सीएसईईटी पास करेंगे उन्हें रजिस्ट्रेशन लेने की अनुमति दी जाएगी। इस परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया फिर शुरू की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को अब 10 जुलाई की रात 11.59 बजे तक मौका मिलेगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट icsi.edu पर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

**स्कूल शिक्षा समीक्षा बैठक में बोले शिक्षा मंत्री**

# स्कूल स्टूडेंट्स को 'बेस्ट परफोर्मर' बनाएं टीचर



**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के टीचर्स अपने ज्ञान, अनुभव और क्षमता का उपयोग इस प्रकार करें, जो स्कूलों से निकलने वाले विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अपनी 'बेस्ट परफोर्मेंस' देने के योग्य बनाए। चाहे स्कूलों में पढ़ाने की बात हो या एडमिनिस्ट्रेटिव रोल, शिक्षक अपनी विद्या और शक्ति का उपयोग विद्यार्थियों और स्कूलों के सर्वांगीण विकास में करने का संकल्प लें। शिक्षा मंत्री शुक्रवार को दुर्गापुरा स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मैनेजमेंट में स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों को 'नॉलेज सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए कई अनूठी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू किया गया है। कार्यशाला में स्कूल शिक्षा सचिव नवीन जैन, विशिष्ट सचिव चित्रा गुप्ता, स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम तथा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की आयुक्त श्रुति भारद्वाज के अलावा शिक्षा निदेशालय, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, सी-मैट एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

कार्यशाला के दौरान प्रवेशोत्सव, नामांकन अभियान, छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएं, मिड डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना, डाइट की गतिविधियों, शिविरा पंचांग, डायल फ्यूचर, शाला दर्पण पोर्टल, आईसीटी क्लासेज, व्यावसायिक शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्कूलों में निर्माण कार्य आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने फील्ड के अनुभवों के आधार पर अपने सुझाव दिए।

### इफेक्टिव सुपर विजन पर जोर

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नामांकन में बढ़ोतरी, ड्रॉप आउट में कमी और विद्यार्थियों की कक्षाओं में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक कैलेंडर की गतिविधियों और कार्यक्रमों को लागू किया जाए। इसके लिए सभी स्तरों पर अधिकारी प्रबंधकीय कौशल का उपयोग कर निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार स्कूलों का इफेक्टिव सुपरविजन करे।

### स्कूलों के लिए 25 वर्ष का मास्टर प्लान बने

डॉ. कल्ला ने कहा कि प्रबंधन समितियों की स्कूलों के विकास में अहम भूमिका है इसलिए उनकी नियमित बैठक हो, शिक्षण व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए इन्हें और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने विद्यालयों के विकास के लिए आगामी 25 वर्षों का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही आरटीई में जिला स्तर पर अभिभावकों के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए हेल्पलाइन बनाने के भी निर्देश दिए।

### प्रो-एक्टिव सोच के साथ करें काम

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन ने कार्यशाला में कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर को नए स्तर पर ले जाने की प्रतिबद्धता के साथ शिक्षक और अधिकारी 'प्रो-एक्टिव' होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा बड़ा संवेदनशील विषय है, विभाग में हर पोजीशन और पद की अपनी महत्ता है। शिक्षकों की भूमिका केवल किताबों का अध्ययन कराने तक सीमित नहीं हैं, वे बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के ध्येय को सामने रखकर 'सेल्फ मोटिवेशन' से भूमिका निभाएं।

### शाला सम्बलन एप बनेगा प्रभावी

जैन ने कार्यशाला में शाला सम्बलन अभियान पर प्रतिभागियों के साथ 'ब्रेन स्टोर्मिंग' सेशन के दौरान स्कूलों की प्रगति की मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 'शाला सम्बलन एप' में व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'नो बैग डे' के नवाचार के तहत आगामी दिनों में स्कूलों में बालिकाओं को 'गुड टच-बैड टच', सड़क सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं कॅरियर काउंसलिंग, तम्बाकू निषेध और मूल कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी देने के लिए विशेष योजना पर कार्य चल रहा है।



**कानोड़िया कॉलेज में FDP संपन्न**

# फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में विशेषज्ञों ने दी ट्रेनिंग

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के टीचिंग-लर्निंग सेंटर द्वारा 'होलिस्टिक अप्रोच टूवार्ड्स टीचिंग' विषय पर आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम शुक्रवार को समाप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन टीचिंग-लर्निंग सेन्टर की टीम डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. मोहिता चतुर्वेदी शर्मा, डॉ. टीना सिंह भदौरिया, प्राध्यापिका रुख्सार एवं डॉ. भारती गोधवानी द्वारा किया गया। सात दिवसीय एफडीपी के पहले दिन प्रो. एन डी माथुर ने 'डायनेमिक्स ऑफ टीचिंग' विषय पर बात करते हुए शिक्षण के सूक्ष्म पहलुओं एवं कक्षा-शिक्षण के नौ आयामों पर विस्तार से चर्चा की। दूसरे दिन प्रो. राजुल भार्गव ने 'न्यू क्रिटिकल अप्रोचेज़ टू टीचिंग' विषय पर, तीसरे दिन डॉ. हर्षा पारीक ने 'स्ट्रेस मैनेजमेंट एण्ड टीम बिल्डिंग' विषय पर, चौथे दिन डॉ. संजय अरोड़ा ने 'एनहांसिंग पर्सनैलिटी थ्रू इफ़ैक्टिव स्पीच' विषय पर, पांचवे दिन जूही चतुवेंदी ने 'इम्पैक्ट असेसमेंट ऑफ टीचिंग टूल्स' विषय पर, छठे दिन डॉ. रुचि गोयल ने 'प्रोफेशनल एथिक्स' विषय पर और अंतिम दिन डॉ. संजय कुमार ने 'एकेडमिक राइटिंग' विषय पर चर्चा की। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में हुए सत्रों के सार को अपनी कक्षाओं में क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

# CBSE ने जारी किए एडमिट कार्ड

**जयपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने शुक्रवार को पूरक परीक्षा- 2023 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए। परीक्षा के लिए पंजीकृत उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षाएं 17 जुलाई से आयोजित की जाएंगी। नियमित छात्रों के प्रवेश पत्र उनके स्कूल के एलओसी पोर्टल पर उपलब्ध होंगे, जहां स्कूल उन्हें डाउनलोड कर सकते हैं और संबंधित उम्मीदवारों को वितरित कर सकते हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड और आईडी प्रूफ ले जाना अनिवार्य है। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**अवेयरनेस** | **RTU में अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यशाला आयोजित**

# युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी है स्किल डवलपमेंट

**बेधड़क** | कोटा

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में शुक्रवार को अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय, जयपुर और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोटा की ओर से आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि आरटीयू के कुलपति प्रो. एस के सिंह ने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं।



युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, स्किल डवलपमेंट के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक स्किल्स होती हैं तो वह उनका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है।

क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय के अनूप सिंह परिहार ने कहा कि वित्तीय प्रोत्साहन, प्रौद्योगिकी और एडवोकेसी सहायता प्रदान करके देश में शिक्षुता को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 2016 में एनएपीएस प्रारंभ किया था। देश में अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने के लिए नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की शुरुआत की गई थी। योजना का मुख्य उद्देश्य अप्रेंटिसशिप से युवाओं को ट्रेनिंग दे कर उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना है ताकि कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के स्थाई अवसर प्रदान किए जा सकें।

कार्यक्रम में मौजूद उद्यमियों को विभिन्न विशेषज्ञों ने अप्रेंटिसशिप एक्ट, नियम, गाइड लाइन अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग योजना एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना के फायदे बताए। उन्होंने अप्रेंटिसशिप पोर्टल के संबंध में भी प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य गोविन्द राम मित्तल, एसएसआई कोटा के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, आरटीयू के संकाय सदस्य व एनटीपीसी, अंता, वैगन रिपेयर वर्कशॉप कोटा, गोदरेज, एग्रोवेट, अडानी विल्मर, पार्थ इंडस्ट्रीज, जेवीएनएल, एएसआई इंडस्ट्रीज, डीआरएम कोटा, वी ट्रेड सर्विस, अडानी पॉवर जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## जरूरी खबर

### तमिलनाडु: DIG ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या की

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर तैनात भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी ने शुक्रवार तड़के खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि अधिकारी 'अवसाद' से जूझ रहे थे, लेकिन विपक्ष ने घटना की जांच कराने की मांग की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) कानून-व्यवस्था ए. अरुण ने कहा कि कोयंबटूर रेंज के डीआईजी सी विजयकुमार ने शुक्रवार सुबह खुद को गोली मार ली। प्राथमिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मृतक का पिछले कुछ वर्षों से अवसाद का इलाज चल रहा था। अधिकारी द्वारा उठाया गया यह अतिवादी कदम पूरी तरह से चिकित्सा से जुड़ा हुआ था। जांच में यह खुलासा हुआ है कि मृतक का कोई पारिवारिक विवाद नहीं था और न ही काम का कोई बोझ था।

## बाघा बॉर्डर पर अमरनाथ यात्रियों का मेला





***बाघा बॉर्डर(पंजाब)।*** *पंजाब में अटारी बाघा बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल की रोजाना होने वाली परेड सेरेमनी में इन दिनों राष्ट्र भक्ति के साथ साथ लोगों में धार्मिक उत्साह भी देखने को मिल रहा है। जम्मू कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए जाने वाले यात्री अपनी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में बाघा बॉर्डर पर भी पहुंच रहे हैं और वहां होने वाली परेड के साक्षी बन रहे हैं।*

फोटो: राजेश कुमावत

## PM का छत्तीसगढ़ और यूपी का दौरा: कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

# कांग्रेस पर प्रहार व विरासत का गान

## कांग्रेस भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी विचारधारा:PM मोदी

एजेंसी | रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के विकास में उसका 'पंजा' आड़े आ रहा है और वह लोगों से ना सिर्फ उनका हक छीन रहा है बल्कि राज्य को लूट कर बर्बाद करने को आतुर भी है। उन्होंने भ्रष्टाचार को कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा बताते हुए कहा कि यदि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है तो वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की गारंटी हैं।

पीएम मोदी ने यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसके पहले पीएम मोदी एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 7,600 करोड़ रुपए की लागत वाली 10 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में घोटालों में डूबी कांग्रेस सरकार कुशासन का मॉडल बन गई है।



### बघेल ने पीएम को भेंट की श्रीअन्न की टोकरी

राज्य के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के पंडित रविशंकर शुक्ल हेलीपैड पहुंचने पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में छत्तीसगढ़ के कारीगरों द्वारा तैयार अंगवस्त्रम और 'श्रीअन्न' (मोटे अनाज) की टोकरी भेंट की।

### आप आए... झूठ की बयार बहने लगी: बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी पर एक रैली में भाषण के दौरान झूठ बोलने का आरोप लगाया। बघेल ने ट्वीट किया, बघेल ने ट्वीट किया, आप आए तो फिर झूठ की बयार बहने लगी मोदी जी। आप प्रधानमंत्री हैं, आपको तो सच पता है, लेकिन आप भी झूठ बोल गए।

## गीता प्रेस सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि जीवंत आस्था

एजेंसी | गोरखपुर।

गीता प्रेस को भारत की एकजुटता को सशक्त करने वाला तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रतिनिधित्व करने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गीता प्रेस विश्व का ऐसा एकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो सिर्फ एक संस्था नहीं बल्कि एक जीवंत आस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार का उनका गोरखपुर का दौरा विकास भी-विरासत भी की नीति का अद्भुत उदाहरण है।



- पीएम ने कहा, गीता प्रेस के नाम में भी गीता है, इसके काम में भी गीता हैं। जहां गीता है वहां साक्षात कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं वहां करुणा भी है, कर्म भी हैं।

### भारत के मूल चिंतन को पहुंचाती है जन-जन तक

पीएम मोदी ने शुक्रवार को गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, गीता प्रेस अलग-अलग भाषाओं में भारत के मूल चिंतन को जन-जन तक पहुंचाती है गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों लोगों के लिए किसी भी मंदिर से जरा भी कम नहीं है। गीता प्रेस जैसी संस्था सिर्फ धर्म और कर्म से ही नहीं जुड़ी है, बल्कि इसका एक राष्ट्रीय चरित्र भी है।

### जिन्होंने भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाई, आज तिलमिला रहे हैं

पीएम मोदी ने वाराणसी में वाराणसी में 12,110 करोड़ रुपए लागत की 29 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यस किया। बाद में वहां आयोजित एक समारोह में पीएम पूर्ववर्ती विपक्ष की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाईं, वे आज लाभार्थियों का नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं।भाजपा सरकार में लाभार्थी वर्ग सच्चे सामाजिक न्याय और सेक्युलरिज्म का उदाहरण बन गया है। हम पूरी ताकत लगा रहे हैं कि हर योजना के आखिरी लाभार्थी को खोज कर, उस तक पहुंचकर उसे योजना का लाभ पहुंचाए।

## कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला

## प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी अपमानजनक लेकिन राजद्रोह नहीं

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ राजद्रोह का मामला रद्द करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल किए गए असंसदीय शब्द अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना थे,लेकिन ये राजद्रोह के दायरे में नहीं आते। उच्च न्यायालय की कलबुर्गी पीठ के न्यायाधीश हेमंत चंदनगौदार ने बीदर के न्यू टाउन पुलिस थाने द्वारा शाहीन स्कूल के प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियों अलाउद्दीन,अब्दुल खालिक,मोहम्मद बिलाल इनामदार और मोहम्मद मेहताब के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकियों को रद्द कर दिया। न्यायाधीश चंदनगौदार ने फैसले में कहा, ऐसे असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कि प्रधानमंत्री को चप्पलों से पीटा जाना चाहिए, न केवल अपमानजनक हैं बल्कि गैरजिम्मेदाराना भी हैं। सरकार की नीतियों की रचनात्मक अलोचना की अनुमति है, लेकिन नीतिगत निर्णय लेने के लिए संवैधानिक पदाधिकारियों को अपमानित नहीं किया जा सकता।

### यह कहा कोर्ट ने

अदालत ने कहा कि यद्यपि ऐसे आरोप लगाए गए थे कि बच्चों ने जो नाटक का मंचन किया उसमें सरकर के कई कानूनों की आलोचना की गई और कहा गया कि अगर ऐसे कानूनों को लागू किया गया तो मुसलमानों को देश छोड़ना पड़ सकता है। नाटक का मंचन स्कूल परिसर के अंदर हुआ। बच्चों ने ऐसे कोई शब्द इस्तेमाल नहीं किए जो हिंसा के लिए लोगों को भड़काते हों अथवा अव्यवस्था फैलाते हों। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस नाटक की जानकारी लोगों को तब हुई जब एक आरोपी ने इस नाटक का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इसलिए दूर दूर तक इसकी कल्पना नहीं की जा सकती कि याचिकाकर्ताओं ने नाटक का मंचन सरकार के खिलाफ हिंसा के लिए लोगों को भड़काने के वास्ते अथवा सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने के लिए किया। इस नाटक की जानकारी लोगों को तब हुई जब एक आरोपी ने इस नाटक का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

### फलकनुमा एक्सप्रेस के पांच डिब्बों में आग

**हैदराबाद।** हैदराबाद जा रही (हावड़ा-सिकंद्राबाद) फलकनुमा एक्सप्रेस के पांच डिब्बों में यहां से करीब 50 किलोमीटर दूर बोम्मईपल्ली के समीप शुक्रवार को आग लग गई, लेकिन इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## मणिपुर: पुलिस कमांडो समेत चार मरे

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के कांगवई इलाके में गुरुवार रात दो समुदायों के बीच झड़प में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो और एक किशोर सहित चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जिस इलाके में दोनों समुदायों के लोग आसपास रहते हैं, वहां स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा बनाए गए 'बफर जोन' के बावजूद गोलीबारी हुई।

### भीड़ ने किया गांवों को जलाने का प्रयास

बफर जोन में गुरुवार रात पहाड़ी से भीड़ ने नीचे आकर घाटी के कुछ गांवों को जलाने का प्रयास किया। ये भीड़ इलाके के बाहर से इकट्ठा हुई थी और लोगों के वापस जाने के अनुरोध के बावजूद पीछे नहीं हटी।

### बारिश- भूस्खलन से अमरनाथ यात्रा थमी

**जम्मू।** कश्मीर के कई हिस्सों में बारिश के कारण शुक्रवार को बालटाल और पहलगाम दोनों ही मार्गों पर अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई है बालटाल मार्ग इलाके में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद भूस्खलन से यात्रा बाधित हुई। जिससे यात्रा स्थगित कर दी गई।

### प. बंगाल: पंचायत चुनाव आज

***दक्षिण दिनाजपुर।*** *बंगाल में शनिवार को पंचायत चुनावों के लिए मतदान होगा। दक्षिण दिनाजपुर के बलुरघाट से मतदान सामग्री लेकर जाते मतदानकर्मी।*



## सियासी हलचल पर गडकरी की चुटकी

# मंत्री पद के आकांक्षी भी भीड़ से दुखी, सिलाए गए सूट का क्या होगा!

एजेंसी | नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जाहिरा तौर पर महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को कहा कि मंत्री पद की चाह रखने वाले लोग अब दुखी हैं क्योंकि इसके लिए 'भीड़' है। ऐसे लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि 'सिलाए गए सूट' का क्या करें। नागपुर विद्यापीठ शिक्षण मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने भूटान के प्रधानमंत्री द्वारा दिए 'घरेलू मानव खुशी सूचकांक' का संदर्भ दिया और कहा कि अधिकतर लोग कभी खुश नहीं होते। उन्होंने कहा, अगर व्यक्ति स्वीकार कर ले कि वह जितने का हकदार है, उसे उससे अधिक मिला है तो वह व्यक्ति खुश और संतुष्ट रह सकता है। अन्यथा पार्षद नाखुश हैं कि वे विधायक नहीं बन सके, विधायक नाखुश हैं कि वे मंत्री नहीं बन सके और मंत्री इसलिए नाखुश रहते हैं कि उन्हें अच्छा मंत्रालय नहीं मिला है। कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं की तालियों के बीच उन्होंने कहा, अब जो मंत्री बनने जा रहे हैं, वे यह सोचकर नाखुश हैं कि उनकी बारी कभी आएगी भी या नहीं, यहां बहुत भीड़ हो गई है। गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा, वे लोग सूट (शपथ ग्रहण समारोह के लिए) सिलाकर तैयार थे। अब सवाल यह है कि उस सूट का क्या करें क्योंकि वहां भी भारी भीड़ है।



## 'अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द होगी सुनवाई'

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जारी सियासी घमासान के बीच राज्य विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भारत के निर्वाचन आयोग से शिवसेना के संविधान की एक प्रति मिल गई है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना के 16 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई जल्द ही शुरू होगी। नार्वेकर ने चुनाव आयोग से शिवसेना के संविधान की प्रति मांगी थी।

### शरद गुट की बैठक आधिकारिक नहीं: पटेल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी टूटी नहीं है और 30 जून को विधायक दल और संगठनात्मक इकाइयों ने अजित पवार को सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने 40 से अधिक विधायकों के हलफनामों के साथ भारत निर्वाचन आयोग को एक अर्जी सौंपी है, जिसमें अजित पवार की नियुक्ति के बारे में सूचित किया गया है और पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किया गया है।

### शिंदे खेमे व भाजपा में असंतोष: शरद गुट

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पार्टी विधायकों में असंतोष के बीच उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस से गुरुवार देर रात मुलाकात की। इस पर शरद गुट ने कहा है कि राकांपा विधायकों को सरकार में शामिल किए जाने से शिंदे नीत गुट और प्रदेश भाजपा में अंसतोष है।



***मुंबई।*** *महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से भेंट की।*

## न्यू कॉन्सेप्ट: फटाफट क्रिकेट की तर्ज पर वेस्टर्न कलेक्शन का 'टी-20 फैशन'

# 20 मिनट में की 30 ड्रेस शोकेस





फोटो: पंकज शर्मा



बेधड़क | जयपुर

रैंप नहीं, लेकिन फिर भी मॉडल्स का जोश कम नहीं हुआ। बल्कि, उन्होंने अपनी अदाओं के साथ वॉक करते हुए फैशन के रंग जयपुर में बिखेरे। टाइम कम था, लेकिन 30 ड्रेसेज शोकेस करके अपनी क्रिएटिविटी भी दिखाई। ये थीं जयपुर में फैशन में शुरू हुए टी-20 कॉन्सेप्ट में वॉक करने वाली एलीट मिस राजस्थान की 15 नेशनल-इंटरनेशनल मॉडल्स, जिन्होंने वेस्टर्न कलेक्शन शोकेस करते हुए फटाफट क्रिकेट की तरह फटाफट फैशन वॉक के कॉन्सेप्ट को सेट किया।

सी-स्कीम स्थित डियाब्लो में हुए दी ट्रंक ट्रेजर चेप्टर-2 में टी-20 फैशन देखा गया। फैशन लवर्स के पास समय कम है। ऐसे में इस कॉन्सेप्ट के साथ कम खर्च में फैशन के रंग लाए जा रहे हैं। शो में डिजाइनर अवनी ओदिच्य ने वेस्टर्न कलेक्शन शोकेस किए, जिसमें 20 मिनट में 30 ड्रेस फ्लोर पर आईं। आयोजक रवि पारीक ने बताया कि शो डायरेक्शन गौरव गौड़ का रहा। वहीं, एलईडी बाय शुभम चक्रवती ने की तो मॉडल्स को रूप एडमेन सलोन ने दिया।

गौरव गौड़ ने बताया कि इस नए कॉन्सेप्ट के लिए स्पेशनल ट्रेनिंग दी जाती है, क्योंकि इतने कम समय में ज्यादा ड्रेसेज को सामने लाना एक कला है। इस कॉन्सेप्ट में फ्लोर ही रैंप होता है। इस शो में जयपुर के 150 फैशन लवर्स को इनवाइट किया गया। चीफ गेस्ट जगदीश चंद्रा रहे। सभी ने डिजाइनर के कलेक्शन के साथ नई तकनीक और मॉडल्स को मोटिवेट किया।

## SMS में कुर्सियां, व्हील चेयर भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** ब्रह्मपुरी निवासी गोपाल सिंह टाक ने अपने पौत्र के जन्मदिन पर पार्टी करने के बजाय सवाई मान सिंह चिकित्सालय के ट्रोमा वार्ड 206 में डॉक्टर्स एंड कंपाउंडर के लिए कुर्सिया एंड मरीजों के लिए व्हीलचेयर भेंट की। उनकी पुत्री डॉक्टर शारदा टाक ने बताया कि फरवरी माह में उनके पिता जी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। डॉक्टर डीएस मीना और उनकी टीम ने शल्य चिकित्सा की थी। वार्ड के सभी स्टाफ के सेवा कार्यों को देखते हुए उन्होंने कुर्सियां और व्हीलचेयर वार्ड प्रभारी बृजमोहन शर्मा को भेंट की।

## जयपुर में होगा डूरंड कप

**बेधड़क, जयपुर।** डूरंड कप का 132वां संस्करण 3 अगस्त से 3 सितंबर तक डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट सोसाइटी के तत्वावधान में मुख्यालय पूर्वी कमान द्वारा आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन 9 जुलाई को आरआई सी में मुख्यालय 61 सब एरिया, सप्त शक्ति कमांड के तत्वावधान में राजस्थान यूनाइटेड फ्रंट क्लब (आरयूएफसी) के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जीओसी मुख्यालय 61 सब एरिया, विभिन्न वरिष्ठ नागरिक गणमान्य व्यक्ति, सैन्य और पुलिस अधिकारी, खेल प्रेमियों के साथ-साथ आर्मी पब्लिक स्कूल, केवी नंबर 2 और केवी नंबर 4 के छात्र और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहेंगे। जयपुर में डूरंड कप ट्रॉफी टूर का आयोजन आरयूएफसी की मेजबानी में किया जा रहा है। डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट सोसाइटी में सीडीएस अध्यक्ष और तीन सेवा प्रमुख उपाध्यक्ष हैं। देश में फुटबॉल के बारे में जागरूकता बढ़ाने, खेल संस्कृति को बढ़ाने और खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए डूरंड कप के विजेताओं को प्रदान की जाने वाली ट्रॉफियों को शहर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कराया जाएगा। ट्रॉफियां 9 जुलाई को दिल्ली से जयपुर पहुंचेंगी।

## बेल्ट-डिग्री पाकर बच्चे खुश



**बेधड़क. जयपुर।** बनीपार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब के प्रांगण में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन हुआ, जिसमें 8 बच्चों ने अलग-अलग बेल्ट टेस्ट पास किए। टेस्ट पास खिलाड़ी बच्चों प्रीत सैन, तनीषी यादव, सार्थक सतरवाल, राजस्वी जिन्दल, यथार्थ सोनी, त्रिज्या सोनी, धैर्य अबिचंदानी और तनिष्का वर्मा को क्लब के तकनीकी कराटे कोच शिहान दिनेश डाबी ने बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर क्लब के सहायक कोच सनसाई अरुण शर्मा, सनसाई केटरिना वर्मा, सनसाई जानवी वर्मा, सीनियर कराटे खिलाड़ी क्षितिज श्रीवास्तव एवं जयवर्धन माहेश्वरी उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### रेनबो थीम पर लेडीज ने मनाया सावन



**बेधड़क, जयपुर।** महिलाओं की संस्था संगिनी कैपिटल द्वारा टोंक रोड स्थित अंबर विला में रेनबो थीम पर सतरंगी कार्यक्रम आयोजित किया। सभी ने सावन की खुशियां बांटी। अध्यक्ष शकुंतला पांडया व संस्थापक अध्यक्ष विनीता जैन ने बताया कि सतरंगी रंगारंग कार्यक्रम में सदस्याओं ने रेनबो थीम पर हाउजी खेली। लकी ड्रॉ व मनोरंजक गेम्स में रंग बिरंगी छतरी गिफ्ट दी गई। सचिव अलका गोधा ने बताया कि सभी सदस्याओं ने फिल्मी नगमों के बीच पूल पार्टी का मजा लिया व मनोरंजक गेम्स खेले। निवर्तमान अध्यक्ष मीना जैन चौधरी ने सभी सदस्यों को उपयोगी आयुर्वेदिक नुस्खों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन पिंकी जैन व मंजू बज द्वारा किया गया। पूर्व अध्यक्षा समता गोदीका व हेमा सोगानी ने बताया कि अनिता कटारिया द्वारा ग्रुप को म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया। अंत में सचिव अलका जैन ने आभार व्यक्त किया।

### कला गुरु सम्मान जयपुर में आज

**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की जयपुर महानगर इकाई द्वारा 'कला गुरु सम्मान' शनिवार को शाम 4 बजे मालवीय नगर स्थित सभागार आर्च कॉलेज में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्था की आमसभा में अध्यक्ष गोपाल भारती एवं महामंत्री महावीर सेन की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस वर्ष का कला गुरु सम्मान वरिष्ठ नाट्य गुरु भारत रत्न भार्गव और खयाल गायिका डॉ. निशा भट्ट को दिया जाएगा और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रविन्द्र भारती होंगे।

### टैगोर थिएटर योजना में नाटक का मंचन



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के रवींद्र मंच पर टैगोर थिएटर योजना के तहत नाटक का मंचन किया गया। कलावत केएल द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक 'गार्गी' की शुरुआत ऋषि वचकन्नू के आश्रम से होती है व राजा महावशी जनक के दरबार में शास्त्रार्थ के लिए भरे दरबार में जाकर प्रसफूटित होती है। शास्त्रार्थ के लिए कोई खड़ा नहीं होता है। तब ऋषि सभी गायों की हांकने की आज्ञा देते हैं। गार्गी आगे बढ़कर शास्त्रार्थ को चुनौती देती है। गार्गी अपने अनंत प्रश्नों की ऋषि याज्ञवल्क्य पर बौछार कर देती है। ऋषि याज्ञवल्क्य गार्गी की विद्वता से कई बार बौखला जाते हैं, लेकिन सहज ही नियंत्रण कर शास्त्रार्थ को पूरा करते हैं और गार्गी की प्रशंसा कर आशीर्वाद देते हैं। गार्गी ऋषि याज्ञवल्क्य के ज्ञान के आगे नतमस्तक हो जाती है। ऋषि गायों को गरीबों को दान कर देते हैं। नाटक में अंजली प्रजापति, तरुण सुनारीवाल, जितेंद्र, भारती प्रजापति, रिचा चौधरी, संजय ने सशक्त अभिनय किया।

## गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय पहली बार निकालेगा यात्रा

# जगन्नाथ की आज निकलेगी रथ यात्रा, जगह-जगह होगा स्वागत



बेधड़क | जयपुर

गोविन्द संकीर्तन व भक्ति मूवमेंट और राधा मदन मोहन मंदिर की ओर से शनिवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी।

मूवमेंट के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने बताया कि गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की पहली बार गुलाबी नगरी में रथ यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा शहर में करीब 6 किलोमीटर दूरी में जनता कॉलोनी से बीस दुकान, परनामी मंदिर, राजा पार्क, पंचवटी सर्किल, जवाहर नगर होते हुए जनता कॉलोनी तक यात्रा निकाली जाएगी। सुंदर गोपाल महाराज ने बताया कि जगन्नाथ यात्रा शाम चार बजे दीनदयाल सर्किल जनता कॉलोनी से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा में हिन्दू समाज के सभी तबके के लोग भाग लेंगे। वहीं, राधा मदन मोहन मंदिर में माला करने वाले करीब 300 लोग, 170 यात्री वृंदावन से और 30 से अधिक विदेशी लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी झांकी निकाली जाएगी। इसमें रथ की ऊंचाई 14 फीट की होगी। रथ यात्रा की शुरुआत फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ सच बेधड़क मीडिया ग्रुप विनायक शर्मा आरती उतार कर करेंगे। रथ यात्रा में जलदाय मंत्री महेश जोशी, अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी, सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी स्वागत करेंगे।

## आकाशवाणी की ओर से सांस्कृतिक संध्या

# पं. विश्वमोहन भट्ट और सलिल भट्ट की जुगलबंदी ने मोहा मन




बेधड़क | जयपुर

आकाशवाणी द्वारा देश भर में आयोजित जी-20 में भारत की अध्यक्षता के उत्सव के अन्तर्गत शुक्रवार को जयपुर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आकाशवाणी के क्लस्टर हैड उप महानिदेशक मंयक कुमार, कार्यक्रम प्रमुख अर्चना सिन्हा और समाचार प्रमुख नीलेश कालमोर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र प्रमुख मयंक कुमार ने सभी कलाकारों और अतिथियों का स्वागत किया।

आकाशवाणी जयपुर की कार्यक्रम प्रमुख डॉ. अर्चना सिन्हा ने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के महत्व को रेखांकित किया। शुरुआत सौरव कुमार ने राग श्री बड़े ख्याल विलंबित तीन ताल-तेरो छब न्यारा धेनु चरावत आवत प्यारा से की। उनका साथ तबले पर उस्ताद जफर मोहम्मद एवं हारमोनियम पर राजेन्द्र बेनर्जी ने दिया। मोहन वीना वादक पद्म भूषण पण्डित विश्वमोहन भटट और सात्विक वीना वादक पंडित सलिल भटट ने राग मारू बिहाग से प्रस्तुति आरम्भ की। विलंबित रचना के बाद द्रुत रचना पेश की। फिर राग मेघ मल्हार की नायाब प्रस्तुति दी। देश के जाने-माने तबला वादक पंडित रामकुमार मिश्र ने इनको संगति दी। कार्यक्रम के समापन पर समाचार प्रमुख नीलेश कालभोर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुषमा नरूला ने किया।

## ज्वैलर्स एसोसिएशन शो | जैम्स एंड ज्वैलरी महोत्सव (जस) का उद्घाटन

# गुलाबी नगरी में फिर से दिखाई दी ज्वैलरी की आभा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में एक बार फिर रत्नों और हीरे जवाहरात की आभा बिखरी। लेटेस्ट डिजाइन के साथ ट्रेडिशनल ज्वैलरी का फ्यूजन हर उम्र के लोगों को पसंद आया। मौका रहा ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर द्वारा जैम्स एंड ज्वैलरी महोत्सव 'जस-2023' के चौथे बीटूबी संस्करण का। उद्घाटन राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने किया। तीन दिवसीय प्रीमियम बीटूबी शो 'जस' का आयोजन 'कनेक्ट टू सोर्स' नए और रचनात्मक संस्करण के साथ सीतापुरा स्थित जेईसीसी में शुरू हुआ।



### रोजगार और पर्यटन के बढ़े अवसर

सांसद दीया कुमारी ने कहा कि जयपुर में ज्वैलरी कम्यूनिटी को एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाने के लिए मैं महाराजा सवाई जय सिंह की बहुत आभारी हूं। उनके प्रगतिशील विजन से जयपुर जैम्स और ज्वैलरी एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित हुआ है, जिससे रोजगार और पर्यटन के अवसर पैदा हुए हैं। आज यहां आकर ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मैं किसी पारिवारिक समारोह में शामिल हुई हूं, जहां नवीनता को प्रोत्साहन और अपनापन मिले।

### ये अतिथि रहे मौजूद

ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष डीपी खंडेलवाल ने शो में प्रदर्शकों, मेजबान खरीदारों और मेहमानों का स्वागत किया। जेएएस के संयोजक अशोक माहेश्वरी ने जस: द प्रीमियम बी2बी शो के मुख्य आकर्षण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दीपक पंजाबी, भिवानी वाले पवन, राज महतानी, जीजेसी चेयरमैन संयम मेहरा और नेशनल जैम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल (डेरेवाला) भी अतिथि के रूप में शामिल रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 08 जुलाई, 2023





भूलने वाली बातों को याद रखने से ही विवाद पैदा होता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## कंगाल पाकिस्तान पर फिर आपदा का कहर: बाढ़ और भूस्खलन से मची तबाही

# 50 लोगों की मौत... सैकड़ों घायल





**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान में पिछले साल आई बाढ़ ने पूरे देश को बर्बाद कर दिया था। गरीब पाकिस्तान को बाढ़ ने कंगाल बना दिया। लोग भूखे मरने लगे। महंगाई आसमान पर पहुंच गई। पिछली बाढ़ से उबरे भी नहीं थे कि इस बार पाकिस्तान में फिर जोरदार बारिश और बाढ़ से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है।

बारिश की वजह से 50 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों लोग जख्मी हो गए। हजारों घर बह गए। पंजाब प्रांत में तो मूसलधार बारिश से बहुत बुरा हाल है। जून के आखिरी सप्ताह में मानसून से पहले ही भारी बारिश ने कई प्रांतों में बर्बादी की इबारत लिख दी। समूचे पाकिस्तान में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। बारिश से कई आवासीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून पूर्व बारिश की शुरुआत हुई थी, जो नियमित अंतराल पर समूचे देश में जारी है।

### राजमार्गों पर भी यातायात प्रभावित

लगातार बारिश से बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ आ गई तथा राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार बारिश के कारण देश का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां वर्षा जनित घटनाओं के कारण 34 लोगों की जान गई है। बारिश से हुए हादसों के कारण खैबर-पख्तूनख्वा में 10 लोगों की, बलूचिस्तान में 5 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

### लाहौर में टूटा 30 साल का रिकॉर्ड

एनडीएमए के अनुसार देश भर में कम से कम 62 मकान आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा 15 मवेशी भी मारे गए हैं। लाहौर में इस सप्ताह रिकॉर्ड बारिश होने से बाढ़ आ गई। लाहौर में इस बार इतना पानी बरसा, जितना पिछले 30 साल में नहीं बरसा। लाहौर में 9 घंटे में 10 इंच से ज्यादा बारिश ने हाहाकार मचा दिया। बलूचिस्तान के विभिन्न जिलों में जबरदस्त बारिश हुई, जिससे सिंध और पंजाब प्रांत को जोड़ने वाले कुछ राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बारिश एवं बाढ़ जनित खतरे के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

## UN: जम्मू-कश्मीर पर पाक की 'जहरीली' टिप्पणी

# भारत ने जमकर लताड़ा

**एजेंसी** | कीव

न्यूयॉर्क। भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में लताड़ा है। पाकिस्तान की तरफ से जम्मू कश्मीर में बच्चों की स्थिति और सैन्य संघर्ष को लेकर टिप्पणी की गई थी। भारत ने यूएन में पाकिस्तान की इस टिप्पणी 'जहरीली' और 'रजनीति से प्रेरित' करार दिया है। भारत की तरफ से पाकिस्तान की आलोचना की गई है।

जो लोग कट्टरता में डूबे हुए हैं, उन्हें वही नजर आएगा। बहुसंस्कृतिवादी समाज को समझना ऐसे लोगों के लिए कठिन है। यूएन में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने पाकिस्तान की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। बुधवार को हुई बहस में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने जम्मू कश्मीर का जिक्र किया था। ब्रिटेन की तरफ से एक महीने तक के लिए इस बहस का आयोजन किया जा रहा है। अकरम ने कहा था कि यह एक विसंगति ही है कि बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर यूएन के महासचिव की रिपोर्ट में भारत का नाम शामिल नहीं है।



### भारत ने खारिज की 'तुच्छ' टिप्पणी

अकरम को जवाब देते हुए शर्मा ने कहा, 'मुझे मेरे देश के खिलाफ एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई 'राजनीति से प्रेरित' और 'तुच्छ' टिप्पणियों का भी जवाब देना चाहिए, लेकिन मैं भारत पर उनकी जहरीली टिप्पणियों का जवाब देकर उनका सम्मान नहीं करूंगा, क्योंकि जो लोग कट्टरता में डूबे हुए हैं, उनके लिए बहुलवादी समाज को समझना मुश्किल होगा।' आशीष शर्मा ने आगे कहा कि भारत इन तुच्छ टिप्पणियों को उस अवमानना के साथ खारिज और निंदा करता है, जिसके वे हकदार हैं।

### पाकिस्तान को दिखाया आईना

शर्मा के शब्दों में, 'यह और कुछ नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ लगातार हो रहे गंभीर उल्लंघनों से परिषद का ध्यान हटाने के लिए किया गया एक प्रयास है, जैसा कि महासचिव की रिपोर्ट में भी सबके सामने लाया गया है।' जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे। अपने बयान में शर्मा ने वैश्विक आतंकवाद में आतंकी गतिविधियों में शामिल होने वाले बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को खतरनाक और चिंताजनक बताया है।

## अमेरिका अब यूक्रेन को देगा घातक क्लस्टर बम

# दुनिया के 120 देशों ने लगा रखा है बैन

**एजेंसी** | कीव

रूस से पिछले करीब डेढ़ साल से जंग लड़ रहे यूक्रेन की सेना को अब अमेरिका घातक क्लस्टर बम देने जा रहा है। क्लस्टर बम की मानवता के खिलाफ विनाशक क्षमता को देखते हुए 120 से ज्यादा देशों ने इस पर बैन लगा रखा है। खबरों में बताया जा रहा है कि अमेरिका जिस बम को देने जा रहा है, उसे 155 एमएम की तोप से भी दागा जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने खुद क्लस्टर बम को यूक्रेन को देने की सिफारिश की है। इस बम को इंसानियत के खिलाफ माना जाता है और अब अमेरिकी फैसले से कई सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, क्लस्टर बम एक कनस्तर के अंदर भरे होते हैं। कई बम ऐसे होते हैं जो फटते नहीं हैं। इससे आम नागरिक अक्सर इसकी चपेट में आ जाते हैं। इसका बड़ा उदाहरण अफगानिस्तान है जो क्लस्टर बम से पटा पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अफगान सरकार ने करोड़ों रुपए इन क्लस्टर बम को हटाने पर केवल खर्च डाला है।

साल 2008 में 120 से ज्यादा देशों ने यूएन के सम्मेलन में क्लस्टर बम पर बैन लगाने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किया था। लेकिन यूक्रेन, अमेरिका और रूस तीनों ही देशों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

### म्यांमार के गांव पर हमले में 15 लोगों की मौत

**बैंकाक।** म्यांमार की सेना नियंत्रित सरकार ने लोकतंत्र समर्थक पीपल्स डिफेंस फोर्सेज के लड़ाकों पर अशांत मध्य क्षेत्र में मोर्टार से हमला कर 15 लोगों की हत्या का आरोप है। म्यांमार के सरकारी अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि पीडीएफ ने बुधवार सुबह चार बजे सागेंग क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में नगवे ट्विन गांव पर मोर्टार हमला किया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और तीन भिक्षुओं सहित सात अन्य घायल हो गए।

## तालिबान ने अपने आदेश को ठहराया सही, कहा...

# 'ब्यूटी सैलून' ऐसी सेवाएं देते हैं, जो हराम हैं इस्लाम में

**एजेंसी** | काबुल

तालिबान ने कहा है कि अफगानिस्तान में महिलाओं के 'ब्यूटी सैलून' पर पाबंदी लगाई गई है, क्योंकि ये ऐसी सेवाएं देते हैं, जो इस्लाम में हराम हैं और विवाह के दौरान दूल्हे के परिवार के लिए यह आर्थिक परेशानी का कारण बनते हैं। तालिबान का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब कुछ दिन पहले ही उसने इस बात की पुष्टि की थी उसने देश में इस तरह के सभी सैलून को अपना करोबार समेटने और दुकान बंद करने के लिए एक महीने का वक्त दिया है।

तालिबान के इस फरमान पर अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों ने महिला उद्यमियों पर इसके प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। महिलाओं की आजादी पर पाबंदी लगाने वाला यह हालिया फैसला है। इससे पहले तालिबान महिलाओं एवं लड़कियों की शिक्षा, सार्वजनिक स्थान पर जाने और रोजगार के अधिकतर तरीकों पर पाबंदी लगा चुका है।

## Threads ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# 7 घंटे में 1 करोड़ यूजर्स, टेंशन में ट्विटर

**एजेंसी** | वाशिंगटन

ट्विटर की टक्कर में थ्रेड्स एप लॉन्च होने से ट्विटर की टेंशन बढ़ गई है। ट्विटर कई माह से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एलन मस्क हर दिन नए नियम लागू कर रहे हैं। साथ ही, ट्विटर के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन लागू कर दिया है, जिसके लिए यूजर्स को हर माह 650 से 800 रुपए देने होते थे। हालांकि थ्रेड एप के लॉन्च से एक बड़ा ट्विटर यूजरबेस थ्रेड्स की तरफ शिफ्ट हो गया, जो ट्विटर के ऑप्शन के तौर पर एक प्लेटफॉर्म की तलाश में थे। थ्रेड्स ऐप सबसे तेज ग्रोथ वाला एप बन गया है। इसको अब तक करीब 5 करोड़ बार से ज्यादा डाउनलोड किया जा चुका है। एप लॉन्च के कुछ ही घंटों में एक करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।




**किस एप को 1 करोड़ यूजर्स में कितना लगा टाइम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| थ्रेड्स एप | 7 घंटे | वॉट्सएप | 1 साल |
| ट्विटर | 2 साल | चैटजीपीटी | 5 दिन |
| फेसबुक | 10 माह | नेटफ्लिक्स | 3.5 साल |
| इंस्टाग्राम | 2.5 माह | स्पोटिफाई | 5 माह |

### थ्रेड्स ने कैसे हासिल की ग्रोथ

थ्रेड्स एप ने डाउनलोडिंग के मामले में कई तरह के रिकॉर्ड बनाए हैं। लॉन्च के 7 घंटे में थ्रेड ऐप को करीब 1 करोड़ डाउनलोड हासिल हुए हैं। जबकि एक दिन में ऐप को करीब 5 करोड़ डाउनलोड मिल हैं।

### पॉपुलेरिटी से घबराया ट्विटर

थ्रेड्स ऐप की पॉपुलेरिटी ने ट्विटर की टेंशन बढ़ा दी है, क्योंकि थ्रेड सबसे तेज गति से ग्रोथ रेट वाला ऐप बन गया है। बता दें कि थ्रेड्स ऐप के साथ नए यूजर्स को जोडना आसान है, क्योंकि यह मेटा ओन्ड इंस्टाग्राम एप है।




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl